संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 157 गुरूवार 10 अप्रैल 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## महत्वपूर्ण खबर

### आधार सेवाओं के लिए छत्तीसगढ़ को मिला राष्ट्रीय स्तर का सम्मान




**नई दिल्ली,09अप्रैल 2025 (ए)।** आधार सेवाओं के अंतर्गत राज्य में किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए छत्तीसढ़ को एक और सम्मान मिला । चिप्स के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभात मलिक ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित आधार संवाद कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के मुख्य आथित्य में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के डिप्टी डायरेक्टर जनरल, फायनेंस तेनतु सत्यनारायण ने यह सम्मान छत्तीसगढ़ को दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी पर कसा तंज



**अगर आपके पास मूल अधिकार हैं, तो जनता के क्यों नहीं ?**

**नई दिल्ली,09अप्रैल 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ में नागरिक आपूर्ति निगम से जुड़े घोटाले की जांच को दिल्ली स्थानांतरित करने की प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर सुनवाई करते हुए तीखी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, अगर ईडी के पास अपने मूल अधिकार हैं, तो आम जनता के भी ऐसे ही अधिकार हैं।

### बंगाल में नहीं लागू होगा वक्फ संशोधन कानून

**कोलकाता,09अप्रैल 2025 (ए)।** पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को राज्य के मुस्लिम समुदाय को आश्वासन दिया कि उनकी सरकार उनकी संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। जैन समुदाय द्वारा आयोजित विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए ममता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और राज्य में एकता बनाए रखने की वकालत की।

### बांका जंगल के मुठभेड़ में कुख्यात नक्सली रमेश टुडू ढेर



**बांका,09अप्रैल 2025 (ए)।** बिहार के बांका जिले के कटोरिया थाना क्षेत्र के कलोथर जंगल में मंगलवार देर रात पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में बिहार-झारखंड का कुख्यात नक्सली रमेश टुडु मुठभेड़ में ढेर हो गया। एक लाख रुपये का इनामी 'हार्डकोर' नक्सली कटोरिया के बूढ़ीघाट गांव का निवासी था और पिछले 15 साल से नक्सली गतिविधियों में सक्रिय था। उसके खिलाफ जमुई और देवघर जिले के विभिन्न थानों में हत्या, अपहरण, डकैती और आर्म्स एक्ट जैसे 11 संगीन मामले दर्ज थे।

### 13 वीं बार जेल से बाहर आया राम रहीम



**रोहतक,09अप्रैल 2025 (ए)।** हरियाणा सरकार ने एक बार फिर डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह पर मेहरबानी दिखाते हुए उसे 21 दिनों की फरलो प्रदान की है। बलात्कार और हत्या के मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहे राम रहीम को आज सुबह रिहा कर दिया गया।सूत्रों के अनुसार, राम रहीम आज सुबह करीब 6 बजकर 40 मिनट पर जेल से बाहर आया। उसे लेने के लिए हनीप्रीत खुद पहुंची थी। कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच राम रहीम को सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा मुख्यालय ले जाया गया है, जहां वह अपनी फरलो की अवधि बिताएगा।

# तहव्वुर राणा को फांसी दिया जाए...

- शहीद राहुल शिंदे के पिता ने तहव्वुर राणा को फांसी की मांग की...
- राणा को अमेरिका से भारत लाया जा रहा है, ट्रंप ने किया था ऐलान...
- मुंबई 26/11 हमले में 166 लोगों की मौत हुई थी...



**नई दिल्ली,09अप्रैल 2025 (ए)।** महाराष्ट्र के शहीद एसआरपीएफ कांस्टेबल राहुल शिंदे के पिता सुभाष शिंदे ने बुधवार को 26/11 मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को फांसी देने की मांग की है। राणा पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक है। अमेरिकी कोर्ट में उसकी याचिका खारिज होने के बाद उसे भारत लाया जा रहा है ताकि वह इस मामले में मुकदमा का सामना कर सके।

**26/11 हमले की कहानी**

26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकियों ने समुद्री रास्ते से मुंबई में रेलवे स्टेशन, दो होटलों और एक यहूदी केंद्र पर हमला किया था। इस हमले में 166 लोग,जिनमें अमेरिकी, ब्रिटिश और इजरायली नागरिक भी शामिल थे, मारे गए। करीब 60 घंटे चले इस हमले ने भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को युद्ध के कगार पर ला दिया। जिंदा पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को 2012 में फांसी दी गई थी।

**अमेरिका का फैसला**

फरवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पीएम नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में राणा को भारत को सौंपने की घोषणा की थी। ट्रंप ने राणा को बेदह खतरनाक बताते हुए उसे न्याय के लिए भारत भेजने की बात कही। अब भारत में उसका मुकदमा चलेगा।

**तहव्वुर राणा वापस आएगा और यहां कोर्ट उसे सजा देगी... बोले...गृहमंत्री अमित शाह**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि राणा वापस भारत आएगा और यहां की कोर्ट में पेश होगा। शाह ने कहा कि उसे संविधान के तहत सजा मिलेगी। गृह मंत्री ने राणा के प्रत्यर्पण को मोदी सरकार की कूटनीति की बड़ी सफलता बताया।

**शहीद के पिता का दर्द**

सुभाष शिंदे ने बताया कि 26 नवंबर 2008 को ताजमहल पैलेस होटल पर आतंकी हमले में उनके बेटे राहुल की शहादत हुई थी। राहुल उन पहले पुलिसकर्मियों में थे,जो होटल में घुसे थे। सुभाष ने कहा,हमले में इतने लोग मारे गए,और 16 साल बाद भी उस दर्द का असर है। राणा को जिंदा रखने की सजा नहीं,उसे फांसी होनी चाहिए। सुभाष ने बताया कि हमले की बात करने पर उनके सामने उस भयानक मंजर की तस्वीरें आ जाती हैं। हमारे पुलिसकर्मी, जवान और नागरिकों की जान गई,यह दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह नुकसान गहरा है, और वे न्याय चाहते हैं।

# दिल्ली में सीएनजी ऑटो का युग समाप्त

- इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2.0 को मंजूरी...
- क्या है दिल्ली सरकार का प्लान...



**नई दिल्ली,09अप्रैल 2025 (ए)।** दिल्ली सरकार जल्द ही इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) पॉलिसी 2.0 को लागू करने जा रही है, जिसके तहत हरे-पीले सीएनजी ऑटो धीरे-धीरे सड़कों से गायब हो जाएंगे। ड्राफ्ट दस्तावेज़ में इस बदलाव की अंतिम तिथि भी निर्धारित कर दी गई है।

**पुराने सीएनजी ऑटो पर पहली कार्रवाई**

नीति के अनुसार, 10 साल से पुराने सीएनजी ऑटो को सबसे पहले हटाया जाएगा। इनकी जगह इलेक्ट्रिक ऑटोरिक्शा को प्रोत्साहन मिलेगा। 15 अगस्त 2024 के बाद नए सीएनजी ऑटो के लिए परमिट जारी नहीं होंगे, न ही पुराने ऑटो का रजिस्ट्रेशन नवीनीकृत होगा। केवल इलेक्ट्रिक ऑटो को ही परमिट मिलेगा।

**सीएनजी से ईवी में बदलाव का विकल्प**

ऑटो चालकों के लिए,जो नया वाहन नहीं खरीद सकते, सरकार सीएनजी ऑटो में इलेक्ट्रिक किट लगाकर उन्हें बैटरी चालित बनाने की सुविधा देगी। यह कदम चालकों को राहत देगा।

**अन्य वाहनों पर भी प्रभाव**

यह नीति सिर्फ ऑटो तक सीमित नहीं है। कचरा ढोने वाले वाहन, नई बसें और क्लस्टर बसें भी इलेक्ट्रिक होंगी। 15 अगस्त 2025 से कमर्शियल थ्री-व्हीलर्स और 15 अगस्त 2026 से सीएनजी, पेट्रोल या डीजल दोपहिया वाहनों पर रोक लगेगी।

**निजी वाहनों पर नियम**

नई नीति में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी के पास दो गाड़ियां हैं, तो तीसरी गाड़ी केवल इलेक्ट्रिक ही हो सकती है।

**स्वच्छ दिल्ली का लक्ष्य**

ईवी पॉलिसी 2.0 का मकसद दिल्ली को प्रदूषणमुक्त बनाना है। यह पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ऑटो चालकों को आधुनिक तकनीक से जोड़ेगा, जिससे स्वच्छ और हरित दिल्ली की दिशा में बड़ा कदम उठेगा।

# अब्दुल्ला आजम पर कोर्ट का बड़ा फैसला



**स्टांप चोरी मामले में 3.71 करोड़ का जुर्माना**

**रामपुर,09अप्रैल 2025(ए)।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय महासचिव मोहम्मद आजम खान के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खान की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। स्टांप चोरी के मामले में डीएम कोर्ट ने उन पर 3 करोड़ 71 लाख 878 रुपये का जुर्माना लगाया है।जानकारी के मुताबिक,अब्दुल्ला आजम ने 2022 में सदर तहसील क्षेत्र के घाटमपुर और मड़ैया नादर बाग में जमीन खरीदी थी। इस दौरान उन्होंने अलग-अलग तारीखों पर बैनामा कराया था। आरोप है कि बैनामा कराते समय अब्दुल्ला ने आवासीय जमीन को कृषि भूमि के रूप में दिखाकर 1 करोड़ 78 लाख रुपये से अधिक की स्टांप ड्यूटी की चोरी की। मामला उजागर होने के बाद एसडीएम सदर को इसकी जांच सौंपी गई। जांच में 1 करोड़ रुपये से अधिक की स्टांप चोरी पाए जाने पर उनके खिलाफ डीएम कोर्ट में वाद दायर किया गया। फरवरी 2024 में डीएम कोर्ट ने तीनों पत्रावलियों पर संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया था।

कोर्ट में दोनों पक्षों की सुनवाई हुई और बीते दिनों बहस पूरी होने के बाद आज जिलाधिकारी कोर्ट ने फैसला सुनाया। कोर्ट ने 1 करोड़ 78 लाख रुपये की स्टांप चोरी पर दोगुना जुर्माना लगाया। साथ ही, देरी से जुर्माना जमा करने पर 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह के हिसाब से ब्याज भी देना होगा।

# शिक्षक भर्ती रद्द मामले में टीएमसी का हल्ला बोल

## कोलकाता में विरोध मार्च का आयोजन

**कोलकाता,09अप्रैल 2025 (ए)।** पश्चिम बंगाल में स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यू बी एस एस सी) के जरिए विभिन्न स्कूलों में 25,000 से अधिक शिक्षकों और गैर-शिक्षकों की बहाली सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को रद्द कर दी। इस फैसले के खिलाफ सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को कोलकाता में एक विशाल विरोध मार्च का आयोजन किया है।तृणमूल कांग्रेस के पदाधिकारियों के अनुसार, यह विरोध मार्च कॉलेज स्क्वायर से दोपहर 3 बजे शुरू होगा और धर्मतला के एस्प्लेनेड इलाके में समाप्त होगा।



इसमें पार्टी की युवा शाखा (टीएमसी यूथ) और विद्यार्थी शाखा (टीएमसी छात्र परिषद) सक्रिय रूप से भाग लेंगी। कोलकाता में इस रैली के अलावा, पार्टी ने 11 अप्रैल को राज्य के सभी जिलों, ब्लॉकों, वार्डों और कस्बों में इसी तरह के विरोध प्रदर्शनों की योजना बनाई है।



## मोदी कैबिनेट ने लिए बड़े फैसले

**नई दिल्ली,09अप्रैल 2025 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। इनमें जीरकपुर बाईपास निर्माण,तिरुपति-पाकला-कटपडी सिंगल रेलवे लाइन का दोहरीकरण और कृषि सिंचाई योजना के तहत जल प्रबंधन का आधुनिकीकरण शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य की यातायात सुविधाओं को सुधारना, जल संसाधनों का बेहतर उपयोग करना और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

# आरबीआई ने घटाया रेपो रेट

- 0.25 प्रतिशत की कटौती...
- सस्ती होगी ईएमआई...
- शेयर बाजार पर भी असर...

**नई दिल्ली,09अप्रैल 2025 (ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को बड़ा फैसला लेते हुए रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती की घोषणा की। अब रेपो रेट 6.25 प्रतिशत से घटकर 6 प्रतिशत हो गया है।आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद यह ऐलान किया। इससे लोन लेने वालों की ईएमआई में राहत मिलेगी और शेयर बाजार में भी हलचल देखने को मिल सकती है। यह संजय मल्होत्रा के नेतृत्व में दूसरी बैठक है। इससे पहले फरवरी 2025 में भी रेपो रेट में कटौती की गई थी। लगातार दूसरी बार रेपो रेट घटने से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की कोशिश साफ झलकती है

रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर आरबीआई बैंकों को अल्पकालिक लोन देता है। यह बैंकों के



लिए लोन की लागत तय करता है। अगर बैंक लंबी अवधि का लोन चाहते हैं, तो उन्हें बैंक रेट पर लोन मिलता है।

**आप पर क्या असर पड़ेगा ?**

**कटौती से फायदा:** रेपो रेट कम होने से बैंकों को सस्ता लोन मिलेगा, जिससे होम लोन, कार लोन जैसी ईएमआई सस्ती हो सकती है।

**बढ़ोतरी से नुकसान:** अगर रेपो रेट बढ़ता है, तो लोन महंगे होते हैं और ईएमआई का बोझ बढ़ जाता है। यह फिक्स्ड डिपॉजिट की दरों पर भी असर डाल सकता है।

# लॉन्च हुआ नया डिजीटल आधार ऐप

- अब पहचान सत्यापन होगा पूरी तरह डिजिटल,
- फेस आईडी और क्यूआर कोड से होगा वेरिफिकेशन

**नई दिल्ली, 09 अप्रैल 2025 (ए)।** देश में डिजिटल पहचान को और सशक्त करने की दिशा में केंद्र सरकार ने नए आधार मोबाइल ऐप की शुरुआत कर दी है। यह ऐप आधार होल्डर्स के लिए बड़ी राहत लेकर आया है, क्योंकि अब पहचान सत्यापन के लिए न तो फिजिकल आधार कार्ड की जरूरत होगी और न ही उसकी फोटोकॉपी की।




**क्यूआर कोड और फेस आईडी से होगी पहचान**

नए आधार ऐप में दो प्रमुख फीचर्स हैं: क्यूआर कोड स्कैनिंग और फेस आईडी वेरिफिकेशन। अब कोई भी व्यक्ति अपनी पहचान केवल मोबाइल ऐप के जरिए क्यूआर कोड स्कैन करके या फेस स्कैन कराकर तुरंत प्रमाणित कर सकता है ठीक वैसे ही जैसे हम यूपीआई से भुगतान करते हैं। यह प्रक्रिया न सिर्फ तेज है, बल्कि पूरी तरह सुरक्षित भी है।

**मुख्य विशेषताएं...**

**क्यूआर कोड वेरिफिकेशन:**अब आधार की पहचान करना उतना ही आसान होगा जितना त्त्क्र स्कैन से पेमेंट करना।

**फेस आईडी वेरिफिकेशन:**यूजर्स अपने चेहरे के माध्यम से सीधे अपनी पहचान सत्यापित कर सकेंगे।

**पूरी तरह डिजिटल:**इस ऐप के आने से अब आधार कार्ड की फोटोकॉपी की जरूरत खत्म हो जाएगी।

**उच्च सुरक्षा और गोपनीयता:**यह ऐप यूजर के डेटा को एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन के साथ सुरक्षित रखेगा, जिससे डेटा लीक की संभावना नगण्य रहेगी।

**क्या एमआधार से अलग है नया ऐप ?**

एमआधार ऐप सिर्फ आधार कार्ड की डिजिटल कॉपी रखने के लिए है, जबकि नया आधार ऐप पहचान सत्यापन को नया रूप देता है। इसमें क्यूआर कोड और फेस आईडी के ज़रिए इंस्टेंट वेरिफिकेशन की सुविधा है,जोएमआधार में उपलब्ध नहीं है। यह ऐप फिलहाल टेस्टिंग फेज़ में है और जल्द ही इसे आम जनता के लिए प्ले स्टोर और ऐप स्टोर पर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# हनुमान जयंती पर 57 साल बाद बन रहा दुर्लभ पंचग्रही योग

**नई दिल्ली,09अप्रैल 2025 (ए)।** शनिवार 12 अप्रैल को हनुमान जयंती मनाया जा रहा है। पूरे 57 साल के बाद चैत्र पूर्णिमा हनुमान जयंती पर पंचग्रही युति योग बन रहा है जो इस दिन को और अधिक फलदायी बना रहा है। मीन राशि में सूर्य, बुध, शुक्र, शनि व राहु की युति बन रही है। पंचग्रही युति में किसी विशेष मनोकामना की पूर्ति के लिए हनुमानजी की पूजा अर्चना करना शुभ माना गया है। वहीं ज्योतिषियों के अनुसार हनुमान जयंती पर हनुमत आराधना से पारिवारिक सुख और स्वास्थ्य, बल्कि ग्रहों की अनुकूलता का वरदान मिलता है।ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूरे 57 वर्ष बाद हनुमान जयंती पर पंचग्रही युति योग का निर्माण हो रहा है। इसके पहले सन 1968 में यह योग बना था। चैत्र पूर्णिमा पर 12 अप्रैल को पंचग्रही युति योग में हनुमानजी का प्रकटोत्सव अत्यंत शुभ फलदायक होगा। इस योग में हनुमान जी की आराधना सुख, समृद्धि व ग्रहों की अनुकूलता के लिए विशेष महत्व है। इस दिन विशेष रूप से शनि, मंगल व राहु की शांति के लिए केसरी नंदन का पूजन शुभफलदायी है।



# संपादकीय

## हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैया जी जोशी का औरंगजेब की कब्र से संबंधित बयान महत्त्वपूर्ण है और इसके विशिष्ट मायने भी हैं। उन्होंने कहा है कि इस विषय को अनावश्यक रूप से उठाया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी विवाद को उठाने की जबरिया कोशिश को निर्थक बताते हुए कहा है कि औरंगजेब की कब्र एक संरक्षित स्मारक है इसलिए इसे तोडने या हटाने का कोई अचित नहीं है, लेकिन औरंगजेब जैसे संप्रदायवादी कट्टर शासक का महिमामंडन सहन नहीं किया जाएगा। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं है।अगर संघ प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता की ओर से इस तरह के बयान आते हैं तो वे अकारण नहीं है। संघ एक संजीदा, लक्ष्य बद्ध और दूरगामी संकल्पों वाला हिन्दू संगठन है जिसकी कार्यप्रणाली और वैचारिक अभिव्यक्ति में उच्छृंखलता,अभद्रता या मर्यादाविहीनता लक्षित नहीं होते। उसकी निष्ठा हिन्दुओं को विशेष लक्ष्य के प्रति सचेत बनाकर संगठनबद्ध करके भारतीय राष्ट्र के उस सांस्कृतिक ढांचे में डालना है जिसे वह राजनीतिक तौर पर भारतीय संस्कृति के नाम से अभिहित करता है। उसका एक बड़ा लक्ष्य भारतीय हिन्दुओं को क्षुद्र मतभेद भुलाकर विराट हिन्दू जाति के रूप में संगठित करना है जिससे उसे वांछित राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो,लेकिन जब हिन्दुओं को संघ से इतर संगठन जिन्हें प्रायः संघ का अनुषांगिक संगठन कहा जाता है, अप्रत्याशित घटनाओं को अंजाम देते हैं, अनावश्यक विभाग खड़ा करते हैं। यानी नफरती बयान देते हैं तो ये तत्काल ही संघ की बदनामी का कारण बन जाते हैं और संघ की आलोचनाओं के घेरे में आ जाता है जिससे उसके भविष्यगामी उद्देश्य में बाधा पहुंचती है।इसलिए संघ चाहता है कि हिन्दू संगठन या हिन्दू समूह ऐसे विवादों को जन्म न दें जिससे सामाजिक या सांप्रदायिक वैमनस्य बढ़ता हो, कानूनी संकट खड़ा होता हो और इन्हें लेकर संघ या भाजपा को सफाई देनी पड़ती हो। संघ इसीलिए समय-समय पर फुटकर हिन्दू समूहों की आलोचना करता है। वैसे भी यह संघ की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस तरह के समूहों को नियंत्रण में रखे और उन्हें कानून-व्यवस्था विरोधी तत्वों के रूप में उभरने न दे।

# मीडिया,स्त्री और सनसनीःक्या हम न्याय कर पा रहे हैं?



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

**धोखे की खबरें बिकती हैं, लेकिन विश्वास की कहानियाँ दबा दी जाती हैं...क्या हम संतुलन भूल गए हैं? मीडिया में स्त्रियों की छवि और उससे जुड़ी सनसनीखेज रिपोर्टिंग ने आज गंभीर सवाल पैदा कर दिये है। कुछ घटनाओं में स्त्रियों द्वारा किए गए अपराधों को मीडिया बढ़ा-चढ़ाकर दिखाता है, जिससे पूरे स्त्री वर्ग की छवि पर नकारात्मक असर पड़ता है। समाज में धोखा और विश्वासघात जैसे मुद्दे दोनों ही लिंगों से जुड़े हैं, लेकिन जब स्त्री पर कोई आरोप लगता है तो मीडिया उसे 'विलेन' बना देता है,जबकि पुरुष अपराधों के लिए अक्सर सहानुभूति जुटाई जाती है। ऐसे समय पर मीडिया को संतुलन, गहराई और जिम्मेदारी के साथ रिपोर्टिंग करनी चाहिए, ना कि टीआरपी के लिए पूर्वग्रह फैलाने चाहिए। साथ ही, पाठकों और दर्शकों को भी समाचारों को विवेक के साथ ग्रहण करने की आवश्यकता है।**

सूचना और संचार की इस तीव्र गति वाली दुनिया में मीडिया का प्रभाव जितना व्यापक हुआ है, उतना ही गहरा भी। आज किसी घटना की रिपोर्टिंग केवल सूचना देने तक सीमित नहीं है,बल्कि वह एक नैरेटिव, एक छवि और कभी-कभी एक पूर्वग्रह को भी जन्म देती है। जब स्त्री से जुड़ी घटनाओं की बात आती है,खासकर तब जब वह विवादास्पद हों—जैसे धोखाधड़ी, झूठे आरोप, या ब्लैकमेलिंग—तो मीडिया का रुख कहीं अधिक सनसनीखेज और पक्षपाती हो जाता है। यह चिंता का विषय है कि हम कब से घटनाओं की रिपोर्टिंग करने की बजाय, पूरे वर्ग को कटघरे में खड़ा करने लगे हैं।

### स्त्री और संदिग्धताः नैरेटिव का निर्माण

पिछले कुछ वर्षों में हमने कई ऐसी घटनाएं देखीं जहाँ महिलाओं पर पुरुषों को झूठे मामलों में फँसाने के आरोप लगे। कुछ मामलों में ये आरोप सही भी साबित हुए। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या इन गिने-चुने मामलों के आधार पर हर औरत



भरोसे के लायक नहीं जैसी सोच विकसित करना जायज है? क्या यह सही है कि मीडिया इन घटनाओं को इस तरह प्रस्तुत करे कि पूरा समाज स्त्रियों की नीयत पर शक करने लगे? वास्तव में यह सोच एक लंबे समय से पनप रही उस मानसिकता का हिस्सा है जो स्त्री को या तो देवी के रूप में पूजती है या खलनायिका के रूप में ठुकराती है—बीच का कोई स्थान नहीं।

### मीडिया की भाषा और हेडलाइंस का खेल

आप जब भी अखबार की सुर्खियाँ देखें या न्यूज़ चैनलों की हेडलाइन सुने, तो एक बात स्पष्ट नजर आती है—स्त्री से जुड़ी घटनाओं को ज्यादा उत्तेजक, भावनात्मक और आकर्षक तरीके से पेश किया जाता है। उदाहरण के लिए-प्रेमिका निकली सौतन की हत्यारिन! महिला टीचर ने छात्र से बनाए शारीरिक संबंध! बीवी ने पति को प्रेमी संग मिलकर मरवाया! ऐसी खबरें समाज में एक खास सोच को मजबूत करती हैं कि स्त्रियां कपटी, चालाक और अवसरवादी होती हैं। जबकि हकीकत यह है कि पुरुषों द्वारा किए गए अपराधों को इतनी सनसनी के साथ नहीं दिखाया जाता। वहाँ मानसिक तनाव,पारिवारिक दबाव या सामाजिक अस्वीकृति जैसे कारण खोज लिए जाते हैं।

### विक्टिम या विलेनः स्त्री की दोहरी छवि

मीडिया अक्सर स्त्री को या तो पूरी तरह पीड़िता के रूप में दिखाता है, या फिर पूरी तरह अपराधिनी के रूप में। लेकिन हकीकत इससे कहीं अधिक जटिल है। हर महिला जो धोखा देती है,वह स्वाभाविक रूप से बुरी नहीं होती, और हर महिला जो पीड़ित है, वह स्वाभाविक रूप से पवित्र नहीं होती। इंसानी व्यवहार कई सामाजिक,मानसिक और भावनात्मक कारकों से बनता है। जब मीडिया इन पहलुओं की उपेक्षा करके केवल एक सनसनीखेज चेहरा दिखाता है, तो वह सच्चाई को तोड़-मरोड़कर पेश करता है।

### कुछ चर्चित उदाहरणों की भूमिका

हाल के वर्षों में कई ऐसे मामले सामने आए जिन्होंने इस विषय को और जटिल बना दिया। जैसे फर्जी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाकर ब्लैकमेलिंग का मामला महिला द्वारा पति को फँसाकर तलाक और संपत्ति हथियाने की कोशिश। सोशल मीडिया पर 'फेमिनिज़्म' का इस्तेमाल करके जनभावनाओं का दोहन। इन घटनाओं का मीडिया में खूब प्रचार हुआ,लेकिन इनसे जुड़ी कानूनी प्रक्रिया, जांच के निष्कर्ष, या महिला के पक्ष की गहराई से पड़ताल शायद ही कभी दिखाई गई।

### क्या पुरुष वर्ग पूर्णतः निर्दोष है?

यह बात मानना भी गलत होगा कि पुरुष वर्ग सदैव पीडित होता है। सैकड़ों-हजारों महिलाएं आज भी घरेलू हिंसा, बलात्कार, यौन उत्पीड़न और मानसिक शोषण की शिकार हैं। हर साल महिला सुरक्षा से जुड़े आंकड़े भयावह तस्वीर पेश करते हैं। ऐसे में यदि कुछ मामलों में महिलाएं दोषी पाई जाती हैं, तो उससे पूरे स्त्री वर्ग को कठघरे में खड़ा कर देना न केवल अन्याय है, बल्कि सामाजिक संतुलन के लिए भी खतरनाक है।

### मीडिया की भूमिकाः जिम्मेदारी बनाम व्यवसाय

मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा गया है, लेकिन जब यह स्तंभ टीआरपी की दौड़ में नैतिकता भूल जाए, तो समाज की नींव डगमगाने लगती है। पत्रकारिता का काम सूचना देना है, विचार बनाना नहीं। लेकिन आज मीडिया अक्सर मूड बनाता है, मत गढ़ता है, और फैसला सुनाता है। यह प्रवृत्ति न्याय व्यवस्था से भी आगे निकलने का दावा करती है—जिसे हम मीडिया ट्रायल कहते हैं।

### सोशल मीडियाः आग में घी

जहाँ मुख्यधारा मीडिया की सीमाएं हैं, वहीं सोशल मीडिया ने तो हर किसी को जज बना दिया है। व्हाट्सएप फॉरवर्ड, ट्विटर ट्रेंड और इंस्टाग्राम रील्स—हर जगह स्त्री के चरित्र और नीयत पर सवाल उठाए जा रहे हैं। हर औरत गोल्ड डिगर है, औरतें सिर्फ फायदे के लिए प्यार करती हैं,जैसे जुमले सोशल मीडिया पर सामान्य हो चुके हैं। यह माहौल केवल स्त्रियों के लिए नहीं, बल्कि युवा पुरुषों के लिए भी हानिकारक है जो रिश्तों में भरोसे की जगह शक लेकर आते हैं।

### न्याय की बुनियादः व्यक्तिगत नहीं, संस्थागत सोच

हमारे समाज की सबसे बड़ी कमजोरी यही है कि हम एक घटना से पूरे वर्ग के लिए निष्कर्ष निकाल लेते हैं। किसी महिला ने धोखा दिया, इसका अर्थ यह नहीं कि हर महिला अविश्वसनीय है। उसी तरह एक पुरुष बलात्कारी निकला तो हर पुरुष को संदेह की नजर से नहीं देखा जा सकता। हमें घटना और व्यक्ति को उनके सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ में देखने की आदत डालनी होगी।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

### संतुलन की ओर एक आग्रह

आज जब मीडिया समाज की सोच को तय कर रहा है, तब पत्रकारों, संपादकों और न्यूज़ रूम्स की जिम्मेदारी कहीं अधिक है। उन्हें यह तय करना होगा कि वे 'सच दिखा रहे हैं' या 'सच बेच रहे हैं'। साथ ही, हमें—दर्शकों, पाठकों और नागरिकों को—भी यह जिम्मेदारी लेनी होगी कि हम हर खबर पर आँख मूँदकर विश्वास न करें। समाज तब ही संतुलित रहेगा जब हम स्त्री और पुरुष दोनों को इंसान समझें—गुणों, दोषों, भावनाओं और सीमाओं के साथ। मीडिया अगर इस संतुलन को नहीं समझेगा, तो वह सूचना का वाहक नहीं, बल्कि पूर्वग्रह का प्रसारक बन जाएगा।

# जब देश में वन की आवश्यकता नहीं है तो फिर विभाग की भी आवश्यकता क्यों है?

## जब वन ही नहीं रहेगा तो राष्ट्रीय पक्षी व पशु की जरूरत क्या...उन्हें क्यों संरक्षण देने की जरूरत?




-रवि सिंह-
पण्डोपारा,कटकोना,
कोरिया,छत्तीसगढ़

» **व्यर्थ की जरूरत के लिए जंगल का विनाश सरकार की जरूरत?**

» **देश का राष्ट्रीय पशु बाघ राष्ट्रीय पक्षी मोर है पर उनके रहने के लिए जंगल कहां है?**

» **छत्तीसगढ़ के बाद अब तेलंगाना में 400 एकड़ वन भूमि नष्ट की जा रही है?**


» **वन व जंगल प्राकृतिक देन है पर उन्हें नष्ट करना सरकार की देन**




हैदराबाद के पास कांचा गचीबावली जंगल 400 एकड़ में फैला है।
तेलंगाना सरकार आईटी और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए इसे काट रही है, जिसे लेकर काफी विरोध किया जा रहा है।



तेलंगाना में 400 एकड़ जंगल की कटाई शुरू, IT पार्क बनेगा, लेकिन सवाल है-यह विकास है या विनाश? यहाँ बसे जीव कहाँ जाएंगे?




कोरिया सरकार के लिए क्या जरूरी है अपनी मनमर्जी चलाना या फिर देश के हित में जो जरूरी है।उसे बचाना क्या सरकार की चिंता अपने देश के लोग सहित देश के लिए अब नहीं रह गई क्योंकि जिस प्रकार से सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है उससे तो कुछ ऐसा ही लगता है देश में किसी भी सरकार को पर्यावरण की चिंता अब नहीं सता रही है। लगता है कि सरकार में बैठे लोगों को ना तो शुद्ध हवा की जरूरत है और ना ही एक संतुलित पर्यावरण की। यही वजह है कि वह इन सबसे परे सिर्फ तत्कालीन सोच पर आश्रित हो गए हैं। वनों का विनाश जिस तरीके से हो रहा है जिसे विकास का नाम दिया जा रहा है क्या यह वनों की बलि देकर देश के विकास की नींव रख रहे हैं? जब वनों की जरूरत ही नहीं है तो फिर यह विभाग क्यों बचा है। इस विभाग को भी विलुप्त कर दिया जाए। जंगल जिस तरीके से नष्ट हो रहे हैं आने वाले समय में तो वह सिर्फ इतिहास के पन्नों में लिखे रहेंगे कि इस जगह पर कभी जंगल हुआ करते थे।जंगल में जब पशुओं की जरूरत ही नहीं है तो फिर पशुओं के लिए नियम क्यों बने हुए हैं। क्या राष्ट्रीय पशु व राष्ट्रीय पक्षी भी सिर्फ देश में कहलाने के लिए रह जाएंगे। उनके लिए जंगल नहीं होंगे। क्या वह भी आईटी पार्क में रहेंगे या फिर कोयला खदान में रहेंगे या फिर जंगल काट कर बनाए गए शहर में रहेंगे। रोजगार देने के नाम पर क्या जंगल को उजाड़ना ही विकास है। क्या जंगल की आवश्यकता सिर्फ विकास के लिए है। लोगों के स्वास्थ्य व देश में संतुलित पर्यावरण के लिए जरूरत नहीं है। इस प्रकार से जंगलों को नष्ट करने की सरकार ठनी हुई है और बड़े-बड़े लोगों की दलाली में जंगल के विनाश की स्थिति निर्मित हो रही है उसे तो आने वाला समय मनुष्य जीवन के लिए धरती पर किसी प्रलय से कम की स्थिति निर्मित नहीं कर रहा है। सरकार अब दूर दृष्टि नहीं रख रहे हैं।अब सरकार सिर्फ नजदीक दृष्टि ही रख रहे हैं। दूर दृष्टि वाली सरकार अब दोबारा नहीं आने वाली। क्योंकि सरकार में अब दूर दृष्टि चिंता वाले नेता नहीं रह गए हैं और ना ही मंत्री और मुख्यमंत्री,प्रधानमंत्री। सभी दृष्टि दोष से गुजर रहे हैं। कुछ ऐसा ही मानना गलत नहीं होगा क्योंकि जिस तरीके से उनकी सोच बदली है और जिस तरीके सभी देश को चला रहे हैं उससे तो ऐसा ही प्रतीत होता है और देश के लोग भी उतने ही मूर्ख बने पड़े हैं। वन व जंगल को नष्ट करने के लिए हर प्रदेश की सरकार प्रयासरत दिख रहे हैं। नष्ट करने के लिए वही आगे दिख रहे हैं। छत्तीसगढ़ भी कुछ इसी दौर से गुजर रहा था।अब हैदराबाद का तेलंगाना भी कुछ ऐसी ही स्थिति से गुजर रहा है। 400 एकड़ पर लगे पेड़ों को नष्ट करना अब देश के लिए फिर से बहस का हिस्सा बनकर रह गया है।

यदि अभी वर्तमान की बात की जाए तो बीते ढाई दशकों में विभिन्न सरकारों ने ग्रेटर हैदराबाद के पश्चिमी हिस्से को कंक्रीट के जंगल में तब्दील कर दिया है,जहां प्राकृतिक चट्टानों की जगह ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी हैं। सवाल यह उठता है कि जब शहर के दक्षिणी हिस्से में बंजर ज़मीन उपलब्ध है, तो हैदराबाद की 'सिलिकॉन वैली' सिर्फ़ इसी क्षेत्र में क्यों बनाई जाए? अगर लियो टॉल्स्टॉय की प्रसिद्ध कहानी 'एक आदमी को कितनी ज़मीन चाहिए? का सवाल तेलंगाना सरकार से पूछा जाता, तो शायद उसका जवाब होता- 400 एकड़। हैदराबाद के कांचा गाचीबोवली इलाके में बनने वाले आईटी पार्क को लेकर सरकार का यही रवैया रहा है। सरकार का दावा है कि इस प्रोजेक्ट में 50,000 करोड़ का निवेश आएगा और 5 लाख नौकरियां पैदा होंगी। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के अनुसार, यह विकास तेलंगाना के लिए ऑक्सीजन जैसा है, लेकिन विडंबना यह है कि उन्होंने हैदराबाद के हरे-भरे पेड़ों को जेसीबी मशीनों से काटकर हटा देने की कोशिश की है। यह एक तरह से प्रकृति पर किसी सर्जिकल स्ट्राइक जैसा है।

अगर लियो टॉल्स्टॉय की प्रसिद्ध कहानी 'एक आदमी को कितनी ज़मीन चाहिए?' का सवाल तेलंगाना सरकार से पूछा जाता, तो शायद उसका जवाब होता 400 एकड़, हैदराबाद के कांचा गाचीबोवली इलाके में बनने वाले आईटी पार्क को लेकर सरकार का यही रवैया रहा है, सरकार का दावा है कि इस प्रोजेक्ट में 50,000 करोड़ का निवेश आएगा और 5 लाख नौकरियां पैदा होंगी, मुख्यमंत्री के अनुसार, यह विकास तेलंगाना के लिए ऑक्सीजन जैसा है, लेकिन विडंबना यह है कि उन्होंने हैदराबाद के हरे-भरे पेड़ों को जेसीबी मशीनों से काटकर हटा देने की कोशिश की है, यह एक तरह से प्रकृति पर किसी सर्जिकल स्ट्राइक जैसा माना जा सकता है, वैसे सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई कागजों पर यह सरकारी ज़मीन है, जैसा कि तेलंगाना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी कह चुके हैं, सरकार के समर्थकों का तर्क है कि इस ज़मीन पर कोई भी फैसला लेना सरकार का अधिकार है, वन विभाग और इस इलाके से सटा हैदराबाद विश्वविद्यालय दोनों का इस मामले में कोई कानूनी हक नहीं है, ऐसा सरकार का पक्ष है पर क्या सरकार का यह पक्ष कितना सही है? यदि जंगलों को उजाड़ कर जंगली जानवरों को भगाकर ही विकास होता है तो फिर विनाश किसे कहा जाता है यह भी कौन बताएगा? जिस प्रकार से जंगल वह वन का विनाश हो रहा है उसे तो देश के राष्ट्रीय पशुओं का भी विनाश माना जा सकता है क्या अब देश के राष्ट्रीय पशुओं को भी हटा देना चाहिए क्योंकि ना जंगल रहेगा और ना कोई जानवर होगा और ना ही कोई राष्ट्र का पशु व पक्षी होगा सिर्फ यदि कुछ होगा तो वह सरकार के दादागिरी वह मनमानी होगी।

# देश में हिंसा के एक ही पैटर्न

नागपुर की हिंसा ने फिर पूरे देश को भयभीत किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का वक्तव्य था कि सीसीटीवी फुटेज से 104 दंगाइयों की पहचान हो गई है, नष्ट की गई संपत्तियों की भरपाई दंगाइयों से की जाएगी और वे जुर्माना नहीं देते तो उनकी संपत्ति जब्त कर उससे क्षतिपूर्ति होगी। वास्तव में 33 से ज्यादा पुलिसकर्मियों का घायल होना, भारी संख्या में वाहनों की तोडफ़ोड़ या जलाना, जगह-जगह घरों और दुकानों का क्षतिग्रस्त होना पहले से ही संकेत दे रहे थे कि हमले सुनियोजित थे। विधानसभा में मुख्यमंत्री फडणवीस ने बयान भी दिया था कि यह सुनियोजित हमला लगता है। नागपुर पुलिस की प्राथमिकी, अभी तक की छानबीन, सीसीटीवी फुटेज और हिंसा के पैटर्न बताते हैं कि हिंसा तात्कालिक गुस्से की परिणति नहीं, शत-प्रतिशत सुनियोजित थी। तत्कालिक गुस्से में छिटपुट हल्की-फुल्की हिंसा हो सकती है। चेहरे ढंके नकाबपोश हमला करने किसी घटना से त्वरित गुस्से में नहीं दिख सकते। उतनी संख्या में पत्थर कहां से आएंगे? पेट्रोल बम अचानक कैसे तैयार हो गया? विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) और बजरंग दल द्वारा 17 मार्च को औरंगजेब की कब्र हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन का आह्वान पहले से था। इनने छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर प्रतीकात्मक कब्र और पुतला जलाया। इसके समानांतर क्या हो रहा था? माइनॉरिटी डेमोक्रेटिक पार्टी का शहर अध्यक्ष फहीम अहमद 50-60 लोगों को लेकर गणोशपेठ पुलिस थाना पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई कि हरे कपड़े पर कलमा लिख कर जलाया जा रहा है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर विहिप और बजरंग दल के आठ लोगों पर मामला भी दर्ज किया। बावजूद सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई गई कि पवित्र कुरान की आयतें जलाई गई हैं, लोगों के घर से निकलने की अपील की गई। सोशल मीडिया पर झूठ फैलाया गया कि हिंसा में दो लोगों की मृत्यु हो गई है। एक सोशल मीडिया अकाउंट बांग्लादेश से मिला है, जिसमें लिखा गया कि यह छोटा दंगा था, इससे बड़ा दंगा आगे होगा। उसके बाद फहीम खान थाने से आकर 400-500 लोगों, जिनके हाथों में हथियार थे, को लेकर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक यानी धरना स्थल पर पहुंच गया। पुलिस द्वारा भीड़ से वापस जाने के आग्रह को अनसुना करते हुए भीड़ भड़काऊ और उकसाऊ नारे लगाने लगी। प्रदर्शनकारियों में शामिल 400-500 लोग कुल्हाडियों, पत्थरों,लाठी, रॉड और अन्य ऐसी सामग्रियों को लहरा रहे थे। इसी दौरान भालदारपुरा में पुलिस पर पत्थरों से हमले की भी घटना हुई। सबसे शर्मनाक अंधेरे का लाभ उठा कर महिला पुलिस के साथ छेड़खानी और दुर्व्यवहार था। महिला पुलिस के कपड़े उतारने की कोशिश की गई। गीतांजलि चौक पर भीड़ ने पुलिस वाहनों पर पेट्रोल बम से हमला किया और पुलिस के दो वाहनों में आग लगा दी। गंजीपुरा में फ्लाईओवर निर्माण के लिए खड़ी दो क्रेन को पेट्रोल बम से आग लगा दी गई। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों पर पत्थरों और घातक हथियारों से हमलाकर घायल कर दिया गया। देखते-देखते महल, कोतवाली, गणोशपेठ और चिटनिस पार्क समेत शहर के विभिन्न इलाकों से हिंसा की सूचना आने लगी। यहां कुछ और सच्चाई को सामने लाना आवश्यक है। नागपुर के सीए रोड, भालदारपुरा, गंजी पेठ, हंसापुरी,गांधी बाग, चिटनवीस पार्क, आदि क्षेत्र में ज्यादातर दुकानें पुरानी बाइक एवं ऑटो स्पेयरपार्ट्स की हैं। सभी दुकानें एक समुदाय की हैं। आश्चर्यजनक रूप से सोमवार को दुकानें सुबह से ही बंद थीं। मोबिनपुरा में सामान्यतया 150 गाडियां खड़ी रहती थीं। एक गाड़ी नहीं थी वहां। क्या यह बिना योजना के संभव है? फिर केवल हिन्दू घर एवं दुकान ही हिंसा के शिकार थे। पत्थरबाजी में घायल नागपुर के डीसीपी निकेतन कदम ने कहा कि एक घर में कुछ लोग छिप कर पत्थरबाजी कर रहे थे। टीम वहां गई तो दूसरी ओर से 100 से ज्यादा लोगों की भीड़ आई। मैंने उन्हें रोकने की कोशिश की तो एक ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। कई छतों से पत्थर फेंके जा रहे थे। पत्थर छत पर कैसे पहुंचे, कुछ तो प्लानिंग थी। वाकई इतने घरों में पत्थर पैदा नहीं हो गए। साफ है कि पत्थर पहले से तैयार करके रखे गए थे।साफ दिखती सुनियोजित हिंसा पर हो रही राजनीति भी डराने वाली है। सच को सच के रूप में समझ कर स्पष्ट न बोला जाए तो परिणाम विनाशकारी होंगे।



-अवधेश कुमार-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना



## कविता
## कला संस्कृति कैसे नन्दावत हे

घटती-घटना



अशोक पटेल
तुस्मा शिवरीनारायण
छत्तीसगढ़

छ ग के कला-संस्कृति,
देखा अब कईसे नन्दावत हे
आधुनिकता के चक्कर म
कहाँ ले कहाँ जावत हे
अपन परम्परा रीति-रिवाज नेंग ल
जमो भुलावत हे
विदेशिया के रस्मों-रिवाज ल
धड़ाधड़ अपनावत हे।
छ ग के का होही सोंच-सोंच के
मन हर घबरावत हे
सुग्घर दिन दुभर होगे,
बुरा दिन हर आवत आवत हे
आनी-बानी के सुख भोगे बर,
सेंखी खुब बघारत हे
अपन अस्मिता ल लतिया के,
पर के लात खावत हे।
रंग-रंग के ढकोसला अउ
जुच्छा चोचला देखावत हे
एमा कुछु नई धरे हे,
एला काबर लोगन नई जानत हे
अपन पुरखा के पुस्तैनी काम-धंधा ह
अब नंदावत हे
खेती-किसानी ल छोंड़के
परके धंधा ल अपनावत हे।
गाँव-गाँव,नगर-शहर म
कारखाना खुलत जावत हे
हमर पुरखा के धरती दाई हर
अब सिरावत जावत हे
अबादी बाढ़त हे,जमीन घटत हे,
इही हर बंटावत हे
विकास के नाव म
जल जमीन जंगल हर सिरावत हे।
मन-महुआ के धंधा हर घलो,
जम के लहलहावत हे
गाँव-शहर के मनखे मन,
एकर भेंट चढ़त जावत हे
दिनों-दिन तभो ले
नावा-नावा भठ्ठी खुलत जावत हे
ए जन समाज के का होही
अब तो चिंता सतावत हे।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

# पत्रकार पहुंचा शासकीय स्कूल जहां चौथी कक्षा के बच्चे से पांचवीं बोर्ड की परीक्षा दिलाई जा रही थी...

## अपनी गलती छुपाने के लिए मेनका बनकर दो शिक्षिकाओं ने रिश्वत के मामले में फंसाया पत्रकार को...

» रिश्वत लेना पत्रकार को पड़ा महंगा पर...चौथी कक्षा के बच्चों से अनुपस्थित बच्ची की जगह पांचवीं बोर्ड परीक्षा की परीक्षा दिलाने वाले प्रधान पाठक व सहायक शिक्षिका पर कार्यवाही कौन करेगा?

» प्रधान पाठक की शिकायत पर एकतरफा एफआईआर झेलते पत्रकार पर चौथी कक्षा की लड़की से पांचवीं बोर्ड परीक्षा दिलाने वाले शिक्षिका का जिला शिक्षा अधिकारी से है करीबी रिश्ता...जिसके कारण एकतरफा जांच में करवाया गया एफआईआर...



सहायक शिक्षिका नीलू केरकेट्टा

प्रधान पाठक प्रमिला तिग्गा




- सुदामा राजवाड़े -
बलरामपुर,09 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

पत्रकार को लालच बड़ा महंगा पड़ा... शिक्षक के द्वारा रिश्वतखोरी के जाल में फंसाए गए,पत्रकार को जानकारी मिली थी कि बलरामपुर जिले के प्राथमिक शाला उदयपुर संकुल करजी विकासखंड राजपुर में पांचवी बोर्ड परीक्षा संचालित हो रही है छत्तीसगढ़ सरकार ने पांचवीं व आठवीं की भी बोर्ड परीक्षा कर दी है,राज्य सरकार बच्चों की शिक्षा को बेहतर करने के लिए ऐसा निर्णय ली है पर स्थानीय प्रशासन व जिला शिक्षा अधिकारी की उदासीनता से यह बोर्ड परीक्षा भी प्रभावित होती देखी गई,पत्रकार को जानकारी मिली थी कि पांचवीं बोर्ड परीक्षा में एक छात्रा अनुपस्थित है वह अपने किसी रिश्तेदार के यहां गई हुई है शत-प्रतिशत परिणाम दिखाने के लिए उस स्कूल के प्रधान पाठक ने अपने स्कूल की एक चौथी क्लास के छात्रा को अनुपस्थित छात्रा की जगह बैठाकर परीक्षा दिलवा रहे थे जो नियम के विरुद्ध था,इस पर पत्रकार 27 मार्च को इसकी पड़ताल करने उस स्कूल पहुंचा जहां पर उसने पाया कि सही में ऐसा हो रहा है,आपको बता दे की मेनका,एक प्रसिद्ध पात्र है जो स्वर्ग की सुंदर अप्सराओं में से एक मानी जाती है,जिसने ऋषि विश्वामित्र की तपस्या भंग की थी ठीक उसी तर्ज पर यहां की शिक्षिका भी पत्रकार की तपस्या भंग कर दी और उसे अपने रिश्वत के जाल में फंसा लिया और पत्रकार भी उनके रिश्वत के जाल में फंसकर उस महत्वपूर्ण खबर से भटक गया,जो वह प्रधान पाठक व सहायक शिक्षिका द्वारा किया जा रहा गलत कृत्य था,पत्रकार की गलती थी कि वह रिश्वतखोरी के मायाजाल में फंसा और जो जानकारी उसे मिली थी उसे उजागर करने की जगह उनके बिछाए जाल में फंस गया,पत्रकार पर नियम से जो कार्रवाई होनी थी वह पुलिस ने आनन-फानन में कर एकतरफा बिना जांच के मामले में उपरी दबाव के कारण एफ आईआर दिया,पर उस स्कूल के प्रधान पाठक व सहायक शिक्षक पर कार्यवाही कौन करेगा? जो शासन के नियमों के विरुद्ध अनुपस्थित छात्र की जगह दूसरे कक्षा की छात्रा से बोर्ड परीक्षा दिलवा रहे थे,जबकि उस स्कूल के पांचवी कक्षा में विद्यार्थियों की दर्ज संख्या 3 है। जिसमें एक छात्र और दो छात्रा थी,एक अनुपस्थित थी जिसे उपस्थित दिखाकर दूसरे कक्षा के अपने स्कूल के छात्र से बोर्ड परीक्षा दिला गया,जिसका वीडियो भी उस पत्रकार ने बना लिया था,जो आज भी मौजूद है। इन प्रधान पाठक व सहायक शिक्षक पर कार्यवाही के लिए क्या शिक्षा मंत्री को आना पड़ेगा? या फिर उस जिले के शिक्षा अधिकारी कार्यवाही कर पाएंगे या फिर शिक्षा अधिकारी के सह पर ही ऐसा हो रहा था?

### क्या अपने स्कूल के बोर्ड परीक्षा में उपस्थित दिखाने के लिए किसी से भी परीक्षा दिलाना सही है?

वैसे इस घटना के बाद सवाल यह उठता है कि क्या अपने स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत दिखाने और सभी छात्रों को उपस्थित दिखाने अनुपस्थित किसी छात्र या छात्रा की जगह किसी अन्य कक्षा के छात्र छात्रा से परीक्षा दिलाना सही है? अब यदि ऐसा सही है तब तो सही है और यदि ऐसा गलत है तो निश्चित ही उक्त विद्यालय के शिक्षकों पर कार्यवाही होनी चाहिए,वैसे अब तो सवाल यह उठ रहा है कि क्या पूरे जिले में ऐसा चल रहा था?

### क्या जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर स्कूलों में अनुपस्थित बच्चों की जगह किसी को भी बैठाकर परीक्षा देने की अनुमति दी गई थी?

जिस तरह एक स्कूल का मामला सामने आया जहां अनुपस्थित छात्र की जगह अन्य कक्षा से छात्रा उसकी जगह परीक्षा दे रही थी और मामले को कहीं न कहीं दबाया गया और भले ही एक पत्रकार अपने लालच में कानूनी कार्यवाही का शिकार हुआ जिसे मामला उजागर करना था लेकिन सच जानकर भी जिला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों पर कोई कार्यवाही नहीं की उक्त विद्यालय के शिर्क्षिकाओं पर। सवाल उठता है कि क्या जिला शिक्षा अधिकारी की अनुमति से पूरे जिले में ऐसा हो रहा था? वैसे अब तो परीक्षाएं समाप्त हो गई लेकिन एक जिले की पोल खोल गई।

### प्रधान पाठक ने अपनी गलतियों से बचने के लिए पत्रकार पर अनाधिकृत रूप से स्कूल में घुसने का लगाया आरोप

एक महिला एवं पुरूष के द्वारा 05 वीं की बोर्ड परीक्षा में परीक्षा केन्द्र में अनाधिकृत रूप से प्रवेश कर विडियों बनाने एवं पैसे की शिकायत थाने में की गई,क्या यह शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी से अनुमति लेकर की गई थी? वैसे प्रमिला तिग्गा प्रधान पाठक प्राथमिक शाला उधेनुपारा संकुल करजी वि0 खण्ड राजपुर की शिकायत के अनुसार 27.03.2025 दिन गुरूवार को कक्षा 05 वीं की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा चल रही थी तभी 09.30 बजे सुबह के आस-पास काले रंग की स्कार्पियों सीजी 15 बी 3648 में सवार होकर महिला सोमलता बेक तथा पुरूष अनिल मानिकपुरी स्कुल के अंदर परीक्षा के दौरान जबरन प्रवेश कर अपने आप को पत्रकार कहते हुये स्कूल के अंदर जाकर बिना अनुमति के वीडियो बनाने लगे मेरे द्वारा मना करने पर भी जबरन वीडियो बनाने लगे। आज पुनः दिनांक 29.03.2025 को सुबह लगभग 08.40 बजे अनिल मानिकपुरी के द्वारा मेरी साथी शिक्षिका नीलू केरकेटटा के मोबाईल पर फोन कर हम दोनों को स्कूल के बाहर मिलने के लिये बुलाया गया उसके बाद दोपहर लगभग 01.15 बजे राजपुर स्थित हरितिमा में मुझे तथा नीलू केरकेटा को बुलाकर अनिल मानिकपुरी तथा सोमलता बेक के द्वारा वीडियो को दिखाकर हमे संस्पेंड करा देने की बात कहते हुये जेल में सड़ जाओगे। 10 साल से उपर की सजा होगी कहकर दोनो से 50,000-50,000 रूपये मेरे से एवं नीलू केरकेटटा से मांग किये तब रूपये देने की का दबाव बनाते हुये अपने काले रंग के स्कार्पियो वाहन में हमें बैठाकर राजपुर महुआपारा लाये तब मैं महुआपारा स्थित शारदा फोटो कापी के संचालक को 25,000 रूपये फोन पे के माध्यम से आनलाईन ट्रांसफर कर 25,000 रूपये उनसे नगद प्राप्त करने के बाद मैं रूपये देने से पूर्व परिचित शिक्षक विनय पैकरा(शिक्षक व ढाबा संचालक) एवं नीरज तिवारी (राजनीतिक दल के बड़े नेता के बेटे) को सूचित की जो कुछ देर बाद मेरे पास आये उसके मैं थाना में आकर इसकी शिकायत दर्ज करा रही हूं। यह तो इनकी शिकायत थी पर यदि उसे वीडियो को देखा जाए तो किसी भी प्रकार का उसमें वीडियो बनाने की जबरदस्ती नहीं दिख रही है ऐसा लग रहा है कि शिक्षक-शिक्षिका सुरक्षा से ही है वीडियो बनवाए थे।

### प्रधान पाठक व वहां की सहायक शिक्षक पर कार्यवाही करने की शिकायत कलेक्टर से...

कलेक्टर बलरामपुर को शिकायत किया गया है कि प्राथमिक शाला उधेनुपारा संकुल करजी विकासखण्ड राजपुर में कक्षा 5वीं की परीक्षा में किसी अन्य छात्रा को बैठाकर प्रधान पाठक प्रमिला तिग्गा एवं सहायक शिक्षिका नीलू केरकेट्टा के द्वारा परीक्षा दिलाया जा रहा था जो नियम विरुद्ध है जिसकी जांच के लिए शिकायत करते हुए कहा कि प्राथमिक शाला उधेनुपारा संकुल करजी विकासखण्ड राजपुर में दिनांक 27/03/2025 को कक्षा 5वी. का पर्यावरण विषय का परीक्षा संचालन किया गया था जिसमें प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक श्रीमती प्रमिला तिग्गा एवं सहायक शिक्षिका नीलू केरकेट्टा के द्वारा 5 वीं कक्षा की छात्रा सोनामती के स्थान पर उसी स्कूल की छात्रा अशिंका जो चौथी कक्षा में पढ़ती को उसको बैठाकर सोनामती के स्थान पर परीक्षा लिखवाया गया है। जिसके संबंध में परीक्षा देते समय का वीडियो बनाया गया एवं परीक्षा देने वाली बच्ची से उसका नाम पूछा गया तो उसने प्रधानपाठक श्रीमती प्रमिला तिग्गा एवं सहायक शिक्षिका नीलू केरकेट्टा के द्वारा यह बोला गया था कि उससे कोई भी तुम्हारा नाम पूछेगा तो अपना नाम सोनामती बताना जबकि उसका वास्तविक नाम अंशिका है और वह कक्षा चौथी की छात्रा है जिसे गलत एवं फर्जी तरीके से प्रधान पाठक प्रमिला तिग्गा एवं सहायक शिक्षिका नीलू केरकेट्टा ने 5 वीं कक्षा की छात्रा सोनामती के स्थान पर परीक्षा दिलाया उक्त शिकायत की वास्तविकता के लिये कक्षा चौथी की छात्रा अंशिका और कक्षा 5 वीं की सोनामती को बुलाकर उसके दस्तावेजो की जांच जैसे आधार कार्ड एवं मौखिक पूछताछ कर किया जा सकता है साथ ही साथ परीक्षा देते समय बनाये गये वीडियो की भी जांच की जा सकती है और प्रधान पाठक श्रीमती प्रतिमा तिग्गा और सहायक शिक्षिका नीलू केरकेट्टा के विरूद्ध गलत बच्ची को परीक्षा में सम्मिलित कराये जाने के संबंध में समुचित कार्यवाही किया जाना आवश्यक है।

### क्या पत्रकार अनुमति लेकर जाता तो इस बात का खुलासा हो पाता... खुलासा ना हो पाए इसीलिए अनुमति की बाध्यता है?

वैसे पत्रकार पर कार्यवाही यह कहकर भी की गई कि वह बिना अनुमति अनाधिकृत रूप से स्कूल में पहुंचकर वीडियो बना रहा था जबकि उसे अनुमति लेने की जरूरत थी,अब सवाल यह भी है कि यदि अनुमति लेकर पत्रकार जाता तो जिस बात का जिस भ्रष्टाचार का खुलासा होने वाला था वह हो पाता...क्या तब अनुपस्थित छात्र की जगह अन्य कक्षा की छात्रा परीक्षा देती नजर आती,सवाल का जवाब नहीं में होगा...इसलिए यह कहना कि अनुमति की बाध्यता इसलिए है क्योंकि गलती न पकड़ी जाए यह गलत नहीं होगा।

# शहर के सूखते हैण्डपम्पों पर वाटर हार्वेस्टिंग एवं बाकी हैण्डपम्पों का निरीक्षण कर चालू कराने की मांग





- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

शहर में 2018 में 849 हैण्डपम्पों से जन-जन को पीने का जल मिल रहा था। परन्तु आज की स्थिति में लगभग 100 हैण्डपम्प सूख गये हैं। इस तरह लगभग 750 हैण्डपम्प से ही पानी मिल रहा है। हर वर्ष लगभ 25 हैण्डपम्प दम तोड़ देतें हैं और लगभग 100 हैण्डपम्प में पाईप बढ़ानी पडती है। नगर निगम द्वारा लगातार हैण्डपम्पो की मरम्मत पर लाखों रुपये खर्च किये जाते हैं। अब गर्मी का सीजन शुरु हो गया है, ऐसे में कई क्षेत्र हैण्डपम्पों पर ही निर्भर है। सूखे हैण्डपम्पों को जिंदा करनें का भी प्रयास नगर निगम द्वारा नहीं किया जाता है। यदि वर्तमान में जीवित हैण्डपम्पों ईमानदारी से वाटर हार्वेस्टिंग बनाया जाता है तो हर साल सूखने वाले हैण्डपम्पों की संख्या भी कम हो जायेगी और लोगों को गर्मी में भी पीने का पानी मिलेगा। कई बार यह भी शिकायत रहती है कि एक साल में 1200-1300 बार इन हैण्डपम्पों की मरम्मत की गई और लाखों खर्च किये गये परन्तु फिर भी पीने का पानी नहीं मिल रहा है। शहर में जो नये हैण्डपम्प लगाये गये उसका भी रख-रखाव ठीक से नहीं किया जाता है, जिससे कम समय में ही वे पानी देना बंद कर देतें हैं। अतः महोदय से निवेदन है कि वर्तमान में कितने हैण्डपम्प पानी दे रहें हैं, कितने हैण्डपम्प सूख गये हैं, कितने हैण्डपम्प में पाईप बढ़ाने की जरुरत है उसका निरीक्षण कर सुधार कर पाईप बढ़ाकर आने वाली भीषण में भीषण जल संकट से शहर के नागरिकों को पीने की पानी की समुचित व्यवस्था कराने का कष्ट करेंगे।

# पूरे दिन तेज धूप के बाद शाम को हुई बारिश,बढ़ी उमस



- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव व पश्चिमी भारत में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण सरगुजा संभाग में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। भीषण गर्मी व नमी के कारण बुधवार की शाम अंबिकापुर व आस पास के क्षेत्रों में तेज गरीज के साथ-साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 1 से दो दिनों तक ऐसी स्थिति बनी रहेगी। हालांकि बारिश के कारण अधिकतम तापमान में गिरावट तो आएगी पर लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। बारिश के कारण उमस गर्मी की स्थिति बनी रहेगी।

पिछले कुछ दिनों से अंबिकापुर का अधिकतम तापमान 37 से 38 डिग्री के बीच बना हुआ था। तापमान में वृद्धि होने से लू जैसी स्थिति बनी हुई थी। इसी बीच बुधवार को पूरे दिन तेज धूम के साथ दोपहर के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदला दिखा। शाम करीब 7 बजे तेज गरज के साथ-साथ झमाझम बारिश हुई। मौसम वैज्ञानिक एसके मंडल ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव बना हुआ है। वहीं पश्चिमी भारत में पिछ्ले कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। ये दोनों स्थिति के कारण मौसम में नमी की स्थिति बनी हुई है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मौसम में नमी व भीषण गर्मी के कारण सरगुजा व आस पास के क्षेत्रों में दोपहर बाद तेज गरज व चमक के साथ बारिश व ओले गिरने की स्थिति बनी हुई है।

# आर्चबिशप पास्कल टोपनो की निकाली गई अंतिम यात्रा,लोगों ने दी श्रद्धांजलि

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

भोपाल और अंबिकापुर येसु समाजी सेवानिवृत्त आर्चबिशप पास्कल टोपनो का निधन के बाद उनका अंतिम यात्रा मंगलवार की सुबह 9 बजे उनके निवास अंबिकापुर रिंगरोड नमनाकला स्थित खीस्त मिलन आश्रम से निकली गई। जो नवापारा स्थित बेदाग ईश माता महागिरिजाघर में सम्पन्न हुआ।

अंतिम यात्रा के दौरान रोड के दोनों तरफ मानव श्रृंखला बना कतारों में बड़ी संख्या में समुदाय के लोग पुष्प वर्षा कर श्रद्धा सुमन अर्पित की।

महागिरिजाघर में सुबह 10 बजे से अन्तिम संस्कार से जुड़े समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। धर्मविधि के मुख्य अनुष्ठाता - अम्बिकापुर धर्मप्रान्त के धर्माध्यक्ष बिशप डॉक्टर अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में श्रद्धांजलि मिस्सा समारोह को डेढ़ दर्जन धर्माध्यक्ष ने संयुक्त रूप से पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराए गए। इस अवसर पर बिशप अंतोनिस बड़ा ने कहा की हमारे बीच से एक सरल सहज व्यक्तित्व के धनी पास्कल टोपनो की अंतिम यात्रा पर निकले चुके हैं और वह असंख्य संत समाज की संगति का आनंद लेने स्वर्ग धाम पहुंच चुके हैं।

शोकमय माहौल में फादर अनुरंजन की अगुवाई में भक्तिमय गीतों से लोगों की आंखे नम हो गई। उनके अंतिम संस्कार में अपनी संवेदना व्यक्त करने और श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में भोपाल महाधर्मप्रान्त के महाधर्माध्य आरोकिया सेबास्टिन दुरई राज, रायपुर महाधर्मप्रान्त के महाधर्माध्यक्ष व्हिक्टर हेनरी ठाकुर, रायपुर के पूर्व महाधर्माध्यक्ष जोसेफ अगस्टिन,स्वर्गीय पास्कल टोपनो के गृह धर्मप्रांत खूंटी से पधारे धर्माध्यक्ष बिनय कंडुलना,उज्जैन के धर्माध्यक्ष सेबास्टियन वाडाकेल, हजारीबाग के धर्माध्यक्ष आनन्द जोजो,गुमला के धर्माध्यक्ष लिनुस पिंगल,रायगढ़ के धर्माध्यक्ष पौल टोप्पो,जशपुर के धर्माध्यक्ष इम्मानुएल केरकेट्टा, जबलपुर के पूर्व धर्माध्यक्ष जेराल्ड अल्मेडा,अम्बिकापुर के पूर्व धर्माध्यक्ष पतरस मिंज, येसु समाज के प्रोव्हिंशियल फा. रंजित तिग्गा, विभिन्न धर्मसमाजों के प्रोव्हिंशियल्स और विभिन्न धर्मप्रान्तों से आए हुए पुरोहितों, धर्मबहनें, फादर जार्ज ग्रे कुजूर, फा. ज्ञान, फा. अनिल एक्का, पूर्व महापौर अजय तिर्की, अरुण मिंज, भानू खलखो शामिल रहे।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री ने जताया शोक

कैथोलिक ईसाई समाज के सरगुजा धर्मप्रांत के दुसरे धर्माध्यक्ष और अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व महाधर्माध्यक्ष स्व पास्कल टोपनो के निधन पर पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने शोक व्यक्त किया है। 6 अप्रैल को स्व पास्कल टोपनो का निधन हुआ था। बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई थी। पूर्व उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा ने गांधीचौक पर उनकी अंतिम यात्रा के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि और पुष्पांजली अर्पित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक,डॉ. अजय तिर्की, जेपी श्रीवास्तव, द्वितेंद्र मिश्रा, राकेश



गुप्ता,मो. इस्लाम, सत्येंद्र तिवारी,मो. अब्बास,रामविनय सिंह, जगन्नाथ कुशवाहा, संजय विश्वकर्मा,हेमंत तिवारी, विनीत जायसवाल, दुर्गेश गुप्ता, मदन जायसवाल,रसीद अहमद,अनिल सिंह, विनोद एक्का,संजीव मंदिलवार, राजू अग्रवाल, वेद प्रकाश शर्मा, अरुण मिंज, अनूप मेहता, अशफाक अलि, आशीष वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।



# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरहुल पूजा में होंगे शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

अंबिकापुर के शंकर घाट स्थित सरना स्थल में आयोजित सरहुल पूजन के कार्यक्रम में प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय होंगे शामिल ।

आदिवासी हिंदू उरांव समाज के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सरहुल का पर्व धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया है । इस वर्ष भी बड़ी संख्या में उरांव समाज के लोग इस पर्व में शामिल होने जा रहे हैं ।

अंबिकापुर के शंकरघाट स्थित सरना स्थल में प्रतिवर्ष इस पर्व को मनाया जाता है । सरहुल का यह पर्व प्रतिवर्ष बसंत ऋतु में मनाया जाता है । ऐसा माना जाता है कि सरहुल का यह पर्व नए वर्ष के आरम्भ का प्रतीक है , जनजाति समाज इस पर्व को ही नए वर्ष के आरम्भ के रूप में देखता है। इस दिन सरना स्थल पर अपने इष्टदेव की पूजा कर लोग सुख समृद्धि एवं अच्छी फसल की कामना करते हैं। चूंकि जनजाति समाज का मुख्य व्यवसाय कृषि है इसलिए लोग इस पूजा के बाद ही अपने कृषि कार्य की तैयारियों में जुटते हैं।



आदिवासी हिंदू उरांव समाज कई वर्षों से इसका आयोजन शंकरघाट के सरना स्थल पर कर रहा है । इस वर्ष छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं। जिसकी तैयारियों लेकर एक बड़ी बैठक आदिवासी उरांव समाज द्वारा, उरांव समाज भवन पटेलपारा में आयोजित की गई जिसमें समाज के जिला अध्यक्ष डॉ आजाद भगत, बंशीधर उरांव, मानकेश्वर भगत, सचिव दिलीप एक्का, प्रदीप एक्का, इंदर भगत,उमाशंकर खलखो,अंकित तिर्की,पूर्णा भगत,कमलेश टोप्पो,रविकांत उरांव,सुरेंद्र भगत,जगना राम प्रधान,संजीता खलखो,बालमुनी प्रधान,हिमांशु भगत सहित बड़ी संख्या में समाज के सगा जन उपस्थित रहे ।

# पूर्व विधायक स्व.रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर भाजपा सरगुजा ने अर्पित की श्रद्धांजलि

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व विधायक एवं भाजपा सरगुजा के आधार स्तंभों में एक स्व. रविशंकर त्रिपाठी की पुण्यतिथि के अवसर पर पार्टी द्वारा जिला कार्यालय संकल्प भवन, अंबिकापुर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण एवं आमजनो ने स्व. त्रिपाठी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की।

भारत सिंह सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा कि,स्व. रविशंकर त्रिपाठी जी केवल एक राजनेता नहीं बल्कि संगठन के सच्चे सिपाही और विचारधारा के सजग प्रहरी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन भाजपा के विस्तार और क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित किया। उनके विचार, जीवनशैली और कार्यशैली आज भी हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्व. त्रिपाठी के राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक योगदान को स्मरण किया एवं कुशल मार्गदर्शक एवं सबके प्रेरणास्रोत के रूप में याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंह मेजर, जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष अम्बिकेश केशरी,कमलेश तिवारी,मनोज कंसारी, अजय सिंह, प्रयाग साहू, श्वेता गुप्ता, शशि जायसवाल,निश्चल प्रताप सिंह, विकास वर्मा, अंशुल श्रीवास्तव,मनोज सोनी, संजीव वर्मा, सतीश शर्मा, मयंक जायसवाल, अजय सोनी, अनुराग शुक्ला, वीर सोनी, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# दुकान का ताला तोड़कर चोरी की कोशिश

- संवाददाता -
सीतापुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

सीतापुर के ग्राम खड़गांव स्थित किराना दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने चोरी की कोशिश की है। घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हुआ है। दो चोरों द्वारा वारदात को अंजाम देने की कोशिश की गई है।

जानकारी के अनुसार बलदेव भोय सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम हर्राटिकरा का रहने वाला है। वह ग्राम खड़गांव में किराने की दुकान चलाता है। 7 अप्रैल को वह दुकान बंद कर घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह 8 बजे दुकान खोलने पहुंचा तो शटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकार देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला की दो व्यक्ति ताला तोड़कर चोरी की कोशिश की गई है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट सीतापुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# कक्षा 5 वीं-8 वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान लापरवाही पर 1 शिक्षक निलंबित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

कक्षा 5 वीं,8 वीं बोर्ड परीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने दो शिक्षकों को निलंबित किया है। जिले में कक्षा 5 वीं व 8वीं बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई थी। उदयपुर विकासखंड के प्राथमिक शाला कुण्डेला में कक्षा 5वीं की परीक्षा के दौरान 22 मार्च को बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से सहायक शिक्षक एलबी पात्रिक लकड़ा अनुपस्थित थे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदयपुर ने जिला शिक्षा अधिकारी सरगुजा को दी थी। प्रतिवेदन के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने उक्त शिक्षक पर कार्य में लापरवाही पाए जाने पर निलंबित कर दिया है।

# अमेरा खदान से कोयला चोरी के मामले में 6 लोगों के खिलाफ पुलिस ने किया प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

- संवाददाता -
लखनपुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर थाना क्षेत्र अमेरा कोयला खदान से लगातार कोयला चोरी करने की शिकायतों सामने आती बीच बीच में पुलिस के द्वारा कार्रवाई भी की जाती रही है। 9 अप्रैल दिन बुधवार को तड़के सुबह सूचनाओं प्रांत लखनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और कोयला चोरी करने के मामले में लखनपुर पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमेरा खदान से लगे ग्राम कटकोना चिलबिल और परसोडीकला गांव वाले संगठित



होकर कोयला चोरी करने की सूचना उपरांत लखनपुर थाना प्रभारी आईपीएस मयंक मिश्रा के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कोयला चोरी करने वाले लोग सुरक्षा कर्मियों को गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू होगा पुलिस ने समझाइश देते हुए ।

राजेश यादव पिता रामजगत यादव 25 वर्ष तुनगुरी, जगर देव यादव पिता शिव जगत यादव 24 वर्ष ग्राम तुनगुरी,नरेश यादव पिता भुनेश्वर यादव 25 वर्ष, ग्राम पुटा, धरम राजवाड़े पिता संत विलास राजवाड़े 27 वर्ष लहपटरा,गणेश यादव के पिता कमलेश यादव 28 वर्ष ग्राम तुनगुरी,धनेश्वर यादव पिता राम जगत यादव 26 वर्ष ग्राम तुनगुरी थाना दरिमा निवासी को कोयला सहित गिरफ्तार कर लखनपुर थाना लाया गया और सभी लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

# नगर पंचायतअंतर्गत पाइप लाइन में पानी चालू करने को लेकर पार्षद ने दिया आवेदन

- संवाददाता -
लखनपुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 10 पार्षद रमेश



जायसवाल ने लखनपुर नगर पंचायत अंतर्गत पाइपलाइन में पाली चालू करने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सोपा है।।ज्ञापन में उल्लेखनीय है कि लखनपुर नगर पंचायत के समस्त वार्डों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है। नगर में विगत वर्षों पूर्व जल आपूर्ति हेतु करोड़ों रुपए का पाइप लाइन विस्तार किया गया है लेकिन पाइप लाइन में पानी के सप्लाई नहीं होने से पेयजल की आपूर्ति नगर में नहीं हो पा रही है। नगर के लोगों को उसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। पाइपलाइन में पानी चालू करने मांग किया गया है।

# साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी, रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
लुण्ड्रा, 09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

लुण्ड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम बरगीडीह साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

जानकारी के अनुसार आनंद सिंह ग्राम पतराडीह थाना लुण्ड्रा का रहने वाला है। वह 5 अप्रैल की शाम को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएल 8230 से ग्राम बरगीडीह साप्ताहिक बाजार सामान लेने गया था। वह सड़क किनारे बाइक खड़ी कर खरीदारी कर रहा था। इसी बीच उसकी बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी। वह मामले की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# रेडिमेट कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर 90 हजार की चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

शहर के एमजी रोड स्थित रेडिमेट कपड़े की दुकान का ताला तोड़कर चोरों द्वाराकाउंटर से 70 हजार रुपए नकदी सहित अन्य सामान चोरी करने का



मामला सामने आया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

जानकारी के अनुसार नरेश अग्रवाल एमजी रोड का रहने वाला है। वह घर के प्रथम दल पर रेडिमेट कपड़े की दुकान का संचालन करता है। प्रति दिन की तरह 4 अप्रैल की रात 10 बजे दुकान बंद किया था। दूसरे दिन सुबह 8 बजे दुखान खोलने पहुंचा तो शटर का ताला टूटा हुआ था। अंदर सामान बिखरे पड़े थे। चोरों ने काउंटर का लॉक तोड़कर 70 हजार नकदी व लगभग 20 हजार का कपड़ा पार कर दिया है। दुकान संचालक ने मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

# योग उद्यान निर्माण होने से शहर स्वस्थ के रूप में एक अलग पहचान मिलेगी : मंजूषा भगत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

आज पालीटेक्निक कालेज परिसर अंबिकापुर में श्रीमती मंजूषा भगत महापौर,श्री हरमंदिर सिंह, श्रीमती प्रियंका चौबे,नीलम राजवाड़े, प्राचार्य श्री आर जे पांडेय, विभागाध्यक्ष श्री दिव्यांशु प्रसाद तथा समस्त कर्मचारी अधिकारी की उपस्थिति में सर्वप्रथम महापौर, सभापति महोदय का स्वागत अभिनन्दन किया गया,तत्पश्चात संस्था परिसर में बनाए जा रहे योग उद्यान का भ्रमण किया गया,उन्हें योग उद्यान निर्माण हेतु सहयोग करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, महापौर, सभापति महोदय के द्वारा अविलंब सहयोग प्रदान करने हेतु आश्वासन दिया है और कहा गया कि निश्चित रूप से शहर के मध्य में गांधी चौक में योग उद्यान निर्माण होने से शहर स्वस्थ के रूप में एक अलग पहचान मिलेगी। कार्यक्रम का संचालन कमलेश सोनी के द्वारा किया गया।इस अवसर पर श्रीमती आरती चौबे,कान्ता तिर्की, दीपक सोनी, संजीव सिंह,संदीप सार्वा,कुमार प्रियतम,एस रामटेक,डोंगरे,नीरज वर्मा,रवि पांडेय,विमान मुखर्जी, विनोद जायसवाल,विरेन्द्र सिंह, भारतेन्दु वर्मा,संजय यादव, आशुतोष दुबे,इन्दरजीत देवांगन आदि उपस्थित थे।





# बड़ा हादसा टला स्कूल बस को ठोकर मारी ट्राला बाल बाल बचे स्कूली बच्चे

- संवाददाता -
प्रतापपुर, 09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

आज दिनांक 09.04.2025 के दोपहर करीब 12:30 बजे महर्षि विद्या मंदीर सकालो अम्बिकापुर का स्कुल बस प्रति दिन के भांति स्कुल के बच्चों को लेकर अम्बिकापुर से प्रतापपुर बरबसपुर मरकाडांड जा रहा था कि उसी दौरान आज दिनांक 09.04.2025 को खड़गंवा जूनापारा सुरेश चक्रधारी के घर के आगे मेन रोड़ खड़गंवा प्रतापपुर में महान 3 खदान में कोयला लेने जा रही टेलर चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चला कर स्कुल बस को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर देने की सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी खड़गंवा योगेन्द्र जायसवाल अपने स्टाप के साथ मौका घटना स्थल पर पहुंच कर बच्चों का सुरक्षित बस से उतार कर चौकी लाया गया एवं उनके परिजनों को जरिये मोबाईल सूचना देकर सकुशल घर भेजवाया गया किसी भी बच्चे को चोट नहीं लगा है। बस क्रमांक सी.जी. 15 एबी 0616 के चालक लक्ष्मण प्रसाद पिता स्व. बनवारी के द्वारा बताया गया कि मैं बच्चे को उतार कर आगे जा रहा था उसी समय टेलर वाहन के चालक मेरे बस को साईड से ठोकर मार दिया जिसे मेरी वाहन का सामने का सीसा क्षतिग्रस्त हो गया हैं किसी बच्चे को चोट नहीं आया है। अज्ञात टेलर वाहन व चालक का पता तलाश जारी है।

# शासकीय पेटेंट में पंजीकृत होकर काफी गौरवान्वित महसूस किया: उमेश पाण्डेय

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

शोध पत्र राष्ट्रीय स्तर पर पंजीकृत समिति के पेटेंट एक्ट 202521009297 के तहत रजिस्टर्ड हो गया है,इसके लिए डॉ उमेश पाण्डेय द्वारा विगत वर्ष आवेदन किया गया था। इस काम में सुपरवाइजर डॉ. स्नेहलता बर्डे के महत्वपूर्ण योगदान एवं डॉ. एस. के. श्रीवास्तव सर का आशीर्वाद व सह शोध व्याख्याता डॉ मनीषा देवांगन का भी हृदय तल से से आभार एवं शुभकामनाएं देता हूं जिन्होंने इस कार्य में भरपूर सहयोग दिया एवं पंजीकृत होने में अपना नाम दिया है। वास्तव में यह मेरे द्वारा प्रकाशित ऐसा शोध पत्र है जिसमें इस बात का उल्लेख किया गया है की कोई भी क्रिमिनल या कोई भी सस्पेक्ट पर्सन जिसके बारे में हम लोगों को निम्नलिखित में से एक जानकारी फोटो या परिवार के बारे में कोई जानकारी या फोन नंबर हो। इन तीनों में से कोई भी एक जानकारी यदि हम लोग के पास है और हमने समस्त जानकारी और शिकायत को ऑनलाइन दर्ज कर दिया है । हर व्यक्ति के पास अपना एक आईडी जिसमें आधार नंबर के विवरण से पंजीकृत है और इस आशय पर की सभी व्यक्तियों का एक निश्चित पोर्टल पर जानकारी रखेंगे और उसे व्यक्ति के संदर्भ में कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह व्यक्ति



के घूमने के ऊपर हो या फिर यह हो सकता है उसके किसी क्राइम में सस्पेक्ट होने की स्थिति में हो जैसी भी स्थिति में हो उसकी जानकारी हमें प्राप्त करने में सहयोग प्राप्त होगा ऐसा पोर्टल निर्माण करना प्रस्तावित है । इसके लिए हमने एक जरूरी कंबाइन एल्गोरिथम जो की तीनो मे से एक से इंफोर्मेशन के होने पर चलता है को डेवलप और टेस्ट भी किया है, निश्चित रूप से यह एक महत्वपूर्ण जानकारी को प्राप्त करने वाला पोर्टल होगा । इस आशय पर हमने एक व्यवस्था की जानकारी बनाकर पंजीयन हेतु प्रस्तुत किया था जिसे पंजीयन कर हम सभी को गौरव प्रदान किया गया है। इसके गुरुजनों का मार्गदर्शन,माता पिताजी का आशीर्वाद एवं पत्नी श्रीमति आशा पाण्डेय के योगदान प्राप्त हुआ और आज यह एक सफलता की महत्वपूर्ण कड़ी बना। इस पर आधारित विगत वर्षों में मेरे द्वारा मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा पीएचडी की उपाधि एवं कई सारे नेशनल,इंटरनेशनल व्याख्यानमाला में अपनी उपस्थिति दी गई। इसी में से एक संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर सरगुजा में इस तरह की जानकारी प्रस्तुत करने के ऊपर मुझे बेस्ट रिसर्च पेपर का अवार्ड भी प्रदान किया गया और साथ में कई अन्य संस्था के द्वारा प्रतिष्ठानों के द्वारा सम्मानित भी किया गया। निश्चित रूप से सभी शोध की तरह इस शोध की सीमा और भविस्य है,यदि सभी ध्यान रखते हुए नया सिस्टम बनाया जाय तो अच्छा रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि विगत दस वर्षो से राजीव गाँधी पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज अंबिकापुर मै जनभागिदारी कंप्यूटर सहायक प्राध्यापक कार्यरत रहा और वर्तमान में सहायक प्राध्यापक के पद पर संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में अतिथि व्याख्याता के रूप में कार्यरत हूं । शोध एवं अध्यापन का कार्य भी कर रहा हूं इस कार्य में विभाग अध्यक्ष एच. एस. टोन्डे सर का विशेष योगदान रहता है।

# परसा मंडल में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन सम्पन्न

## » भाजपा के इतिहास और विकास यात्रा पर हुआ विचारमंथन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

भाजपा मंडल परसा में आज भाजपा स्थापना दिवस सप्ताह अंतर्गत सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया,जिसमें मंडल स्तर के सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में संगठन को सशक्त एवं जागरूक बनाए रखने हेतु प्रेरणादायी संवाद हुआ। इस कार्यक्रम में भाजपा सरगुजा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन का मुख्य विषय था भाजपा का इतिहास एवं विका 1980 से 2025 तक की गौरवशाली यात्रा,जिस पर सिसोदिया सहित अन्य वक्ताओं ने विस्तार से प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने अपने संबोधन में कहा भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, एक संस्कार है और राष्ट्र निर्माण का एक जीवंत संकल्प है। भाजपा ने 1980 में अपने गठन के बाद से न केवल सत्ता के शीर्ष तक पहुंच बनाई, बल्कि भारतीय राजनीति की दिशा और दशा भी बदली है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने नये आत्मविश्वास के साथ वैश्विक मंच पर अपनी पहचान मजबूत की है।



भाजपा की जड़ें भारतीय जनसंघ से जुड़ी हुई हैं, जिसकी स्थापना 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म मानवदर्शन' भाजपा के वैचारिक आधार में निहित है। कार्यकर्ताओं को बताया गया कि कैसे आपातकाल के काले दौर में भी भाजपा और उससे जुड़े कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष किया और किस प्रकार 6 अप्रैल,1980 को भाजपा का औपचारिक गठन हुआ। परसा मंडल अध्यक्ष संतोष जायसवाल ने कहा कि, 2025 तक भाजपा की यात्रा को संघर्ष से सत्ता तक, और सेवा से सुशासन तक की अद्भुत कहानी बताया। भाजपा ने राष्ट्रवाद, सुशासन, अंत्योदय, आत्मनिर्भरता और सांस्कृतिक गौरव के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए देश को विकास के पथ पर अग्रसर किया है। कार्यक्रम को अन्य विषय वक्ताओं ने भी संबोधित किया ।

इस कार्यक्रम में निरंजन राय, धनंजय मिश्रा,राजू नेतराम सिंह, महंत राम,मदन मोहन रजवाड़े,चैन से पैकरा,पवन पैकरा, नईहर साय पैकरा,धर्मेंद्र जायसवाल,सोनिका सोनपाकर, रूपा गुप्ता,नंदिनी सिंह, राजेश सिदार, मनोज मलिक, विकास मिंज,बसंत गिरी,अजय गुप्ता, किशन केशरी, पंचम राय, जगजीवन एवं परसा मंडल के युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# सरकारी कर्मचारी व अधिकारी के लिए बने आवास की स्थिति नारकीय

## वर्षों से बह रहा है गंदा पानी...परेशानी को देखकर भी दूर करने का नहीं है प्रयास

**कलेक्टर कार्यालय से लगे छिंदडाँड़ के सरकारी आवास की रखरखाव देखने वाले लोक निर्माण विभाग की उदासीनता ही है परेशानी की वजह**

**लोक निर्माण विभाग नहीं कर पा रहा आवासों की नली का निर्माण...गंदा पानी फैल रहा हर तरफ**

**कलेक्टर कार्यालय से लगे छिंदडाँड़ के सरकारी आवासों की स्थिति नारकीय सामान,वर्षों से बह रहा गंदा पानी जो बना परेशानी का सबब**





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के तलवा पारा स्थित छिंदडाँड़ के दो मंजिला कर्मचारी आवासों में रह रहे दर्जनों परिवार नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। 2005 में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए इन सरकारी आवासों में नाली निर्माण न होने के चलते गंदा पानी हर ओर फैल चुका है। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि अब यह पानी सड़कों पर बहता हुआ बच्चों के खेलने के मैदान तक पहुंचने लगा है। अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में भी यहां ऐसा लग रहा है जैसे मानसून का मौसम आ गया हो।



### क्या जिला प्रशासन जागेगा?

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि कलेक्टर कार्यालय से महज़ कुछ कदमों की दूरी पर बसे इन आवासों की सुध प्रशासन कब लेता है। क्या गंदगी, बदबू, टूटी टंकियों और बहते पानी से जूझते इन कर्मचारियों को जल्द राहत मिल पाएगी, या यह समस्या यूं ही फाइलों में दबी रहेगी?

### गंदगी का अंबार,संक्रामक रोगों का खतरा

आवासों से निकलने वाला निस्तारी जल आसपास जमा हो चुका है। वर्षों से नियमित सफाई न होने और नाली निर्माण न होने की वजह से अब ये पानी स्थायी जलकुंड का रूप ले चुका है। मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है और डेंगू,मलेरिया जैसे रोगों का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय निवासी लगातार इस गंदगी से परेशान हैं,लेकिन सरकारी तंत्र की उदासीनता के चलते उन्हें कोई राहत नहीं मिल पा रही है।

### लोक निर्माण विभाग की अनदेखी,मेंटेनेंस सिर्फ कागजों पर

इन आवासों की देखरेख की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की है,लेकिन विभाग ने पिछले कई वर्षों से कोई ध्यान नहीं दिया है। रहवासियों के अनुसार, एनुअल मेंटेनेंस का कार्य सिर्फ कागजों में होता है, जबकि ज़मीनी स्थिति इसके ठीक विपरीत है। टूटी-फूटी सीढ़ियां,दरारों से भरी दीवारें और गिरते प्लास्टर इन आवासों की खस्ता हालत को बयां करते हैं।

### टूटी हुई टंकियां,जर्जर पाइपः पीने के पानी की भी दिक्कत

ऊपरी मंजिल पर रखी पानी की टंकियां वर्षों से टूटी हुई हैं,जिनमें अब पेड़-पौधे उग आए हैं। इन टंकियों की सफाई और मरम्मत की किसी ने कभी सुध नहीं ली। वहीं,भवन निर्माण के समय लगे लोहे के पाइप भी अब जर्जर होकर जगह-जगह टूट गए हैं,जिससे रहवासियों को पानी की सप्लाई में भी लगातार परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### एक साल से फाइल पड़ी है दबे पन्नों में:सरपंच का आरोप

तलवापारा के सरपंच देवीदयाल ने बताया कि इस मामले को लेकर वे कई बार जिला प्रशासन और संबंधित विभाग को अवगत करा चुके हैं। नाली निर्माण हेतु तकनीकी स्वीकृति (टीएस) भी एक वर्ष पूर्व ही मिल चुकी है, लेकिन यह फाइल आज भी विभागीय टेबल पर धूल फांक रही है। सरपंच ने कहा कि वे लगातार प्रयास कर रहे हैं कि यहां के रहवासियों को इस नारकीय स्थिति से छुटकारा मिले।

### प्रशासनिक उदासीनता से नाराज रहवासी

रहवासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की,लेकिन उन्हें केवल आश्वासन ही मिला। उनका कहना है कि यदि कोई आम बस्ती होती तो शायद कब का सुधार कार्य हो चुका होता, लेकिन चूंकि ये सरकारी आवास हैं और रहवासी भी सरकारी कर्मचारी हैं,इसलिए कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## सूरजपुर पुलिस का वाहन चेकिंग अभियान,1569 लोगों के विरूद्ध की गई एमव्ही एक्ट की कार्यवाही

-संवाददाता-
सूरजपुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए तो चालान के साथ गाड़ी भी जब्त की जा रही है। सड़क हादसों को रोकने के लिए डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने यातायात नियमों के उल्लघंन सहित शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। पुलिस के द्वारा वाहन चेक प्वाईट लगाकर सभी दो पहिया,चार पहिया और भारी वाहनों के ड्राइवरों की जांच की गयी। मुख्य सड़क से गुजरने वाले सभी वाहनों के ड्राइवरों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की। यातायात प्रभारी सहित थाना-चौकी की पुलिस ने कुल 1569 लोगों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई जिनमें से 9 चालक शराब के नशे में पाए गए जिनके विरूद्ध इस्तगाशा माननीय न्यायालय पेश किया गया। थाना-चौकी की पुलिस वाहन चेकिंग प्वाईट पर मुस्तैदी व सतर्कतापूर्वक वाहन की चेकिंग में लगी हुई है। माह मार्च 2025 जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान 9 लोगों को शराब पीकर वाहन चलाते पकड़ा जिनकी गाड़ी जप्त किया गया है वहीं बिना हेलमेट के 10, बिना सीट बेल्ट के 51, नियम तोड़ने के 269, तेज गति से वाहन चलाने 11, माल वाहक पर यात्री परिवहन के 11 व यातायात नियमों के उल्लघंन पर 1210 कुल 1569 लोगों के विरूद्ध एमव्ही एक्ट की कार्यवाही कर 3 लाख 13 हजार 4 सौ रूपये समन शुल्क लिया गया। चेकिंग के दौरान यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय ने लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी और कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़कों पर चालकों के गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार के विरूद्ध चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें।

## कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर, छत्तीसगढ़

दूरभाषः-07831-273091,फैक्सः-07831-273091
email:dfobalrampur@gmail.com

क्रमांक/संरक्षण/2025/729,बलरामपुर,दिनांक 04/04/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना(BLP/01/2025)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वन अपराध में जप्त राजसात किए गए वाहनों के विक्रय हेतु निविदा का विस्तृत विवरण एवं निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से निर्धारित समयावधि अनुसार राशि रू. 5000/- का डिमांड ड्राफ्ट/नगद शुल्क जो वनमण्डलाधिकारी बलरामपुर के नाम देय हो, जमा कर पूर्ण आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर प्राप्त किया जा सकता एवं सीलबंद निविदा निर्धारित समयावधि में वनमण्डल कार्यालय बलरामपुर में प्राप्त किया जावेगा:-

| निविदा चक्र | निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि/ समय | निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि / समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| प्रथम निविदा | 06.06 2025 दोपहर 12 बजे तक | 06.06 2025 दोपहर 02 बजे तक | 06.06 2025 सायं 03 बजे तक |
| द्वितीय निविदा | 04.07 2025 दोपहर 12 बजे तक | 04.07 2025 दोपहर 02 बजे तक | 04.07 2025 सायं 03 बजे तक |

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर

जी नंबर-2526000111/1

## एनएसयुआई का स्थापना दिवस समारोह हुआ सम्पन्न नियुक्त किए गए पदाधिकारी



-संवाददाता-
सूरजपुर,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के स्थापना दिवस समारोह तिलिसिवा स्थित आडोटोरियम भवन में आयोजित किया गया स्थापना दिवस कार्यक्रम एनएसयुआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ का राज्य गीत का गान के पश्चात प्रारम्भ किया गया कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े,पूर्व मंत्री प्रतिनिधि के के सिंह जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुभाष गोयल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्विनी सिंह,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम कृष्ण ओझा, जिला कांग्रेस महामंत्री मनोज डालमिया,नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े,उर्दू अकादमी के सदस्य इस्माइल ख़ान,प्रदेश कांग्रेस सदस्य जफर हैदर,ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री मनोज अग्रवाल, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेन्द्र यादव,महिला कांग्रेस ग्रामीण ज़िलाध्यक्ष आनंद कुंवर,जिला कांग्रेस सचिव विष्णु कसेरा,वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजू सिंह,जिला पंचायत सदस्य हेमलता राजवाड़े, प्रदेश कांग्रेस सचिव जाकेश राजवाड़े, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अविनाश यादव, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव राहुल जायसवाल, जनपद सदस्य भावना सिंह, बाबूलाल राजवाड़े, एनएसयूआई प्रदेश सचिव शाहरुख ख़ान, एनएसयूआई प्रदेश संयोजक राजेश साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लक्ष्मण राजवाड़े, के आतिथ्य में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस मौके पर एनएसयुआई जिलाध्यक्ष आकाश साहू ने बताया कि नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया ( NSUI ) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की छात्र शाखा है इसकी स्थापना 9 अप्रैल 1971 को इंदिरा गांधी ने केरल छात्र संघ और पश्चिम बंगाल राज्य छात्र परिषद को मिलाकर एक राष्ट्रीय छात्र संगठन बनाने के बाद की थी एनएसयूआई को 55 साल पूरे हो गए हैं शिक्षा,समानता और लोकतंत्र की भावना को लेकर एनएसयूआई ने हर मोर्चे पर संघर्ष किया और बदलाव की राह बनाई है यह सिर्फ एक संगठन नहीं बल्कि हर छात्र-छात्राओं की उम्मीद,हक व आवाज है इस दौरान उन्होंने इंदिरा गांधी को याद करते हुए कहा कि 1971 में देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा स्थापित यह संगठन पांच दशकों से छात्र राजनीति में है और देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है यह संगठन एक प्रेरणादायी स्तम्भ के रूप में कार्यरत है एनएसयूआई ने छात्र अधिकारों के लिए अपनी उत्कृष्ट लड़ाइयों के जरिए शिक्षा के क्षेत्र में अनेक सुधार किए हैं और छात्रों की आवाज को मजबूती प्रदान की है आकाश ने कार्यकर्ताओं और एनएसयूआई सदस्यों को है जोश का संचार कर छात्र हितों के लिए प्रयासरत रहने का आह्वान करते हुए कहा कि एनएसयूआई ने हमेशा छात्र समुदाय के विकास और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए काम किया है आज का दिन उन सभी महत्वपूर्ण योगदानों की याद दिलाता है जो संगठन ने वर्षों से किए हैं यह संगठन हमेशा कॉलेज यूनिवर्सिटी में सक्रिय रहकर छात्र-छात्राओं की आवाज को उठाता रहा है आगे हर एक इकाई एनएसयूआई को मजबूती से नए आयाम तक पहुंचाएगी इस दौरान एनएसयुआई के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई जिसमे जिला कोषाध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह,सूरजपुर नगर अध्यक्ष अमन रवि,बिश्रामपुर नगर अध्यक्ष अमन नायक, शिवनन्दनपुर नगर अध्यक्ष पुनीत विश्वकर्मा, बिहारपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश देवांगन, भैयाथान ब्लॉक अध्यक्ष प्रभाकर सिंह,लटोरी ब्लॉक अध्यक्ष यश दास,प्रेमनगर ब्लॉक अध्यक्ष अनुज दास,उपाध्यक्ष के पद पर अंकित सिंह,राजू पाटले, महासचिव के पद पर आकाश सिंह, पूनम राजवाड़े, सीमा मानिकपुरी, पीयूष कुशवाहा,प्रकाश दास, प्रेमसागर तिग्गा,आकांक्षा राजवाड़े,सचिव के पद पर आरिफ अली,कुनाल यादव,कन्हैया रंजीत दुबे,अतुल पाटिल,पंकज सिंह, गुलशन राजवाड़े, सलाम अंसारी, सह सचिव के पद पर वारिश ख़ान,नितेश साहू,मनोज साहू, रंजू सिंह, राजेश यादव, बिश्रामपुर कॉलेज अध्यक्ष प्रिंस जायसवाल की नियुक्ति की गई है सभी नवनियुक्ति पदाधिकारियों को अतिथियों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों को जिलाध्यक्ष आकाश साहू सहित एनएसयूआई की टीम द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में एनएसयुआई के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## ग्राम चोटिया के पास सड़क पार करता दिखा 45 हाथियों का दल

-संवाददाता-
कोरबा,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम चोटिया के पास सड़क को 45 हाथियों का दल पार करता दिखा। हाथियों के इस दल में 8 बेबी एलिफेंट भी शामिल हैं। जिसकी वजह से मुख्य मार्ग पर जाम लग गया। हाथियों के इस दल को खदेड़ने वन अमला मौके पर मौजूद रहा। जानकारी के अनुसार कटघोरा वन मंडल अंतर्गत ग्राम चोटिया लगभग 100 हाथियों का दल अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहा हैं। वन मण्डल द्वारा लगातार नजर रखा जा रहा है के कहीं ये हांथी जंगल से गांव के अंदर न आए , साथ ही ग्रामीणों को भी आगाह किया गया है के वे जंगल की ओर न जाए।

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता

**लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथिः- 04/04/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log inकरें https://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग-स.क्र. 1 सूरजपुर स.क्रं.2 अम्बिकापुर एवं सं.क्रं.3 रामानुजगंज संभाग
03. स.क्रं. 01 से 05 - 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 25/04/2025

| सरल क्र. | एनआईटी क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 01 | जिला सूरजपुर विकासखण्ड ओड़गी के लांजित में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीरण सहित । (प्रथम आमंत्रण) | 119.43 |
| 2 | 02 | जिला सरगुजा के विकासखण्ड लुण्ड्रा के ग्राम सिलसिला में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित। (प्रथम आमंत्रण) | 120.18 |
| 3 | 03 | जिला बलरामपुर विकासखण्ड रामचंद्रपुर के गांजर में हायर सेकेण्ड्री स्कूल भवन का निर्माण कार्य विद्युतीकरण संहित। (प्रथम आमंत्रण) | 117.39 |

जी नंबर-2526000177/6

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2, जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202504021700049 /अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कौशल प्रताप सिंह आ0 रामनाथ सिंह वगैरह, निवासी कोरन्धा, पो0 जरही, तहसील प्रतापपुर, जिला प्रतापपुर छ0ग0 द्वारा ग्राम अजिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 610/1 मेसे रकबा 0.028 हे0 भूमि पर पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 06/02/2019 के माध्यम विक्रेता रामशरन सिंह आ0 धनसाय, जाति गोंड़, निवासी कोरन्धा पो0 जरही, तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर,छ0ग0 से क्रय किया गया है, वर्तमान में उक्त भूमि राजो टोप्पो पुत्री स्व0 अमीन राम पत्नी श्री जीत राम के नाम पर दर्ज है पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर विधिवत नामांतरण बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 01/05/2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं
आज दिनांक 8/04/2025 को मेरे हसताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से किया गया।

(सील) नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक 202504020700007**

विषयः-अ-06 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्:-2024-25

लक्ष्मी प.ह.नं.00023
(404/2(0.160 हे0)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-रीतू सिन्हा,
, अनावेदक पक्षकार-अम्बिकेश केसरी पिता बलराम केसरी वैश्य पी0के राय,दयानिधि सिन्हा कायस्थ

**ईश्तहार**

आवेदक रीतू सिन्हा पुत्री विशाल सिन्हा निवासी दर्रीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 404/2 रकबा 0.016 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 09/08/20211 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28/04/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/04/2025 को जारी किया जाता हैं।

(सील) तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-13-25-26, दिनांकः 02.04.2025
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ शहडोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 4,91,70,223/-, अमानत राशि (रू.): 3,95,900/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-14-25-26, दिनांकः 02.04.2025
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 3,36,35,522/-, अमानत राशि (रू.): 3,18,200/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्र.सं. (3) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-15-25-26, दिनांकः 02.04.2025
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ उमरिया के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 5,10,42,583/-, अमानत राशि (रू.): 4,05,200/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्र.सं. (4) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-16-25-26, दिनांकः 02.04.2025
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ बिजुरी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 3,12,01,815/-, अमानत राशि (रू.): 3,06,000/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्र.सं. (5) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-17-25-26, दिनांकः 02.04.2025
कार्यः बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/ बैकुंठपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दो साल के लिए ट्रैक के रखरखाव हेतु विविध पी.वे कार्यों का निष्पादन और सहायक पेट्रोलमैन (पेट्रोलमैन साथी) की प्रावधान । निविदा मूल्य (रू.): 3,55,62,009/-, अमानत राशि (रू.): 3,27,800/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 24 माह।

क्र.सं. (6) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-18-25-26, दिनांकः 02.04.2025
कार्यः बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक कार्य जैसे टीबीआर प्लास्टिक डोबेल हटाना, गिट्टी पपिंग से बचने के लिए कोयला चोक्ड लाइन की डीप स्क्रीनिंग, टी/28/बीसीएम और अन्य ट्रैक का निष्पादन । निविदा मूल्य (रू.): 3,80,64,864.28/-, अमानत राशि (रू.): 3,40,300/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 14 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः दिनांक 14.04.2025 से, निविदा जमा की अंतिम तिथिः दिनांक 28.04.2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआरआर/10/06 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail
R.O. 24841CPR/SECR/10(25-26)B/A

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन
घटती-घटना
सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार
अम्बिकापुर,गुरूवार 10 अप्रैल 2025


# सावधान! यदि घर के बाहर आप अपनी मोटरसाइकिल लॉक करके रखते हैं...
# और सोचते हैं कि वह सुरक्षित है तो यह आपकी गलतफहमी है?

**घर के बाहर बाइक रखने वाले हो जाएं सावधान,बाइक चोर गिरोह जिले में सक्रिय**

**बाइक चोरी की घटना लगातार अधिक सामने आ रही है,सीसीटीवी में बाइक चोर हो भी रहा कैद लेकिन पुलिस की पकड़ से बाहर**

**बाइक की सुरक्षा की जिम्मेदारी बाइक मालिकों की,लॉक करके भी नहीं सुरक्षित है बाइक,घर के अंदर बाइक रखना ही समझदारी**







-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,09 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

सावधान! यदि आप मोटरसाइकिल मालिक अपनी मोटरसाइकिल को घर के बाहर हैंडल लॉक करके यह सोचकर रखते हैं कि आपकी मोटरसाइकिल सुरक्षित है कोई नहीं लेकर जाएगा तो यह आपकी गलतफहमी है, और यदि आप यह सोचते हैं कि आपके क्षेत्र की पुलिस काफी सक्रिय है वह रात में गश्त करती है तो भी आप इस गलतफहमी में ना रहे हैं,क्योंकि पुलिस के रहने के बावजूद व मोटरसाइकिल का हैंडल लॉक होने के बाद भी मोटरसाइकिल चोरी हो रही है, आपकी मोटरसाइकिल आपके घर के बाहर से ले जा सकते हैं चोर, ऐसे कई वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल है,यह तो रही वीडियो की बात जिस पर आप यह देख सकते हैं कि चोर मोटरसाइकिल के हैंडल के लॉक को तोड़कर मोटरसाइकिल लेकर उड़ जाते हैं, अभी तक जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं की बात की जाए तो कई 100 से अधिक मोटरसाइकिल अभी तक चोरी हो चुके हैं, पर अभी तक इस गिरोह तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है,यह गिरोह इतना शातिर है कि मुंह ढककर इस घटना को अंजाम देता है और सीसीटीवी के सामने से आपकी बाइक के लॉक तोड़कर आपकी बाइक ले जाता है और आप कुछ नहीं कर पाते हैं,सिर्फ सीसीटीवी की वीडियो को देखकर आप यह संतोष जरूर कर लेते हैं कि आपकी बाइक किसी चोर ने चोरी कर ली है। वर्तमान स्थिति में बाइक चोर काफी सक्रिय है लगातार बाइक चोरी की घटना को वह अंजाम दे रहे हैं, इतनी मात्रा में बाइक चोरी जो हो रही है आखिर यह बाइक जा कहां रही है इसका उपयोग क्या चीज में हो रहा है आखिर यह चोरी के बाइक कहां बिक रही है? ऐसी तमाम तरह के सवाल आपके मन में होंगे पर इसका जवाब तो सिर्फ पुलिस इस गिरोह तक पहुंचकर ही दे सकती है। वैसे आश्चर्य इस बात का है कि पुलिस गश्त के बाद भी ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हो रही है? पटना में भी बाइक चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है वहीं पटना कोयला तस्करी के लिए प्रसिद्ध भी है और शायद इसीलिए पटना में पुलिस की गश्त नहीं होती उसी तरह मुख्य मार्गों में भी पुलिस गश्त जिले में शायद इसलिए नहीं होती क्योंकि कोयला तस्करों को दिक्कत न हो,वैसे यह दैनिक घटती-घटना का कहना नहीं है यह सूत्रों का कहना है कि पुलिस की गश्त इसलिए नहीं हो रही है क्योंकि कोयला तस्करों को दिक्कत न हो। पिछले कुछ महीने में पटना से बाइक चोरी के मामले आए है पर पुलिस एक भी चोरी की बाइक नहीं खोज पाई है।

### बाइक चोरी की घटना के वीडियो देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि कम उम्र के लड़के ही इसमें शामिल है...

बाइक चोरी की कई घटना सीसीटीवी में कैद हुई है और उसको देखने के बाद यह कहा जा सकता है कि इस चोरी में कम उम्र के लड़के शामिल हैं वैसे कम उम्र के लड़कों की यह हिम्मत देखने लायक है सीसीटीवी में देखने के बाद यह कहना होगा क्योंकि यह काफी निडरता से बाइक उड़ा ले जा रहे हैं जैसे काफी अनुभवी हों यह। कम उम्र के यह लड़के कहां के हैं स्थानीय हैं कि बाहरी अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर होने की वजह से यह पता नहीं चल सका है वहीं अब जिले के लोग काफी डरे हुए हैं और उन्हें अपने घर में भी बाइक सुरक्षित नजर नहीं आ रही है।

### नशे की वजह से चोरी की घटनाओं को दिया जा रहा है अंजाम या फिर इसके पीछे है बहुत बड़ा व्यापार?

वैसे बाइक चोरी की घटनाओं के बीच यह भी एक सवाल है कि क्या यह तमाम चोरियां नशे के आदि नव युवा कर रहे हैं या फिर इसके पीछे कोई गिरोह है जो एक व्यापार चला रहा है। यदि यह नशे से जुड़ा मामला है तो यह जिले के लिए युवाओं के नजरिए से बड़ी बात है क्योंकि नशे की लत की वजह से यदि युवा मोटरसाइकल चोरी कर रहे हैं तो आगे वह बड़े अपराध को अंजाम देंगे वहीं यदि यह कोई गिरोह है जिसका यह व्यापार है तब भी यह जिले के लिए काफी गंभीर बात है क्योंकि ऐसे में फिर जिले में लोगों की गाड़ियां और कीमती समान असुरक्षित है।

### लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटना को लेकर लोग हैं परेशान

जिले के अलग अलग जगहों से लगातार मोटरसाइकल चोरी की घटना सामने आ रही है जिससे लोग परेशान हैं जिले के। जिले में आजतक ऐसी स्थिति नहीं बनी थी जब मोटरसाइकल चोरी की घटना लगातार घटित हो रही हो। जिले के लोगों को दहशत में देखा जा रहा है। अब इस दहशत को कब तक पुलिस दूर कर पाती है कब तक चोर पकड़े जाते हैं यह देखने वाली बात होगी।

### मोटरसाइकिल चोर गिरोह से अपने मोटरसाइकिल को बचाने के लिए अब मालिकों को करना पड़ेगा तरह-तरह के इंतजाम

मोटरसाइकल चोरों से अपनी मोटरसाइकल बचाने के लिए जिले के लोगों को तरह तरह के इंतजाम करने होंगे। जो लोग अपने घर के पोर्च में या फिर बरामदे में गाड़ी खड़ा करते थे वह अब गाड़ी घर के अंदर खड़ा करेंगे या फिर वह अपने पोर्च को ही किसी जुगाड से बंद करेंगे।कुल मिलाकर जिले के लोग समस्या में हैं और अपने दोपहिया वाहन को लेकर चिंता में हैं।

## कुदरगढ़ देवी दर्शन करने जा रहे युवक की नदी में डूबने से मौत

**परिवार में कोहराम,ठेकेदार की लापरवाही से हुई घटना**

-संवाददाता-
ओड़गी,09 अप्रैल 2025 (घटती-घटना)।



जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत कुदरगढ़ इंदरपुर मुख्य मार्ग में स्थित गोखनई नदी में कुदरगढ़ देवी दर्शन करने जा रहे युवक की नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई। यह घटना आज बुधवार को सुबह 7.30 बजे की बताई जा रही हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार अम्बिकापुर के चांदनी चौक खुटरापारा के रोहित जायसवाल उम्र लगभग 18 वर्ष व बड़ा भाई रिशु जायसवाल अपने परिवार के साथ बुधवार को सूरजपुर जिले के ओड़गी विकास खंड में स्थित सुप्रसिद्ध कुदरगढ़ देवी धाम में माता रानी का दर्शन करने जा रहे थे। तभी वे इंदरपुर कुदरगढ़ मुख्य मार्ग में स्थित गोखनई नदी पर नहाने के लिए उतरे। इस मार्ग पर नवीनतम पुल का निर्माण किया जा रहा है जहां पर ठेकेदार के द्वारा भारी मात्रा में रेत निकाल कर नदी को गड्ढा बना दिया गया है। जिससे रोहित जायसवाल व उसका बड़ा भाई रिशु जायसवाल अपने परिवार के साथ वही नहा रहें थे। तभी इन दोनों भाईयों को उस गड्ढे के पानी का अंदाजा नहीं लग पाया कि कितना पानी का गहराई है। तभी नदी में रोहित जायसवाल व रिशु जायसवाल डुबने लगें। डूबते देख उनके पापा कन्हैया जायसवाल बचाने लगें जिसमें किसी तरह दोनों को बाहर निकालें। फिर तत्काल नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी ले गए। जहां पर रोहित जायसवाल को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया व रिशु जायसवाल की जान बच गई। जिससे परिवार में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। परिवार में कोहराम मच गया। शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। संबंधित घटना की सूचना पुलिस को दीं गई और पुलिस आगे की कार्यवाही कर रहीं। परिजनों ने आरोप लगाया है कि यह घटना निर्माण करा रहें ठेकेदार की लापरवाही से हुआ है वहां कोई सांकेतिक चिन्ह नहीं लगाया गया है। ऐसे में परिजन शासन प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।

## खड़गवां और चिरमिरी में जेडीएस सामान्य सभा की बैठक संपन्न

**तीन साल से निःशुल्क सेवा दे रहे कर्मचारियों की जेडीएस से नियुक्ति प्रस्ताव पास, तीन हजार होगा भुगतान**





-संवाददाता-
एमसीबी,09 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।

खड़गवां अस्पताल में आयोजित जीवन दीप समिति की बैठक में 20 एजेंडों पर चर्चा की गई। यहां आयोजित बैठक में शामिल हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और जीवन दीप समिति के आय व्यय का ब्यौरा रखा गया जिसमें 73 लाख 745 रुपए के खर्च को लेकर शंका जाहिर की गई। बैठक में कई अहम विषयों पर समिति के सदस्यों ने अपनी राय दी वही वित्तीय आय व्यय पर मंत्री जी के निर्देशानुसार जांच समिति का गठन कर जांच किया जाएगा, जिसमें एसडीएम राजस्व जांच अधिकारी होगे और विभिन्न पहलुओं पर अपनी अंतिम रिपोर्ट पेश करेंगे।

ज्ञात हो कि जीवन दीप समिति के सदस्य अरुणोदय पांडे पूरे बैठक में अकेले हावी रहे और उन्होंने जीवन दीप समिति के संचालन को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की, उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष में जो लेखा जोखा खर्च का दिखाया जा रहा है वह स्पष्ट नहीं है,इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए,इसके साथ ही जेडीएस से आय के पैसों से कौन काम कराता है इसका जानकारी समिति के सदस्यों को नहीं दी जाती है, जो कई प्रकार के शंकाओं का आधार है। उपरोक्त विषय पर समिति के राय मशवरा और चर्चा पश्चात जिन जिन विषयों पर समिति ने शंका जाहिर की,उस विषय के समाधान हेतु जांच टीम बनाने का निर्देश मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा अधिकारियों को दिए गए। उक्त बैठक में श्री जायसवाल ने कहा कि 3 लाख से ऊपर जो खर्च किया गया है वह संदेहास्पद है,इसकी जांच होगी और आगे समिति में कम से कम दो सदस्यों की अनिवार्य रूप से हस्ताक्षर के बाद ही निर्माण या अन्य कार्य किया जा सकेगा वही जेडीएस से आय के रकम को दवाइयों में खर्च करना गलत है। सीजीएमएससी इसके लिए है। उन्होंने आगे कहा कि जेडीएस का पैसा अमूल्य है दुरुपयोग नहीं होना चाहिए, इस विषय पर बीएमओ कुजूर ने अपना जवाब देते हुए कहा कि खर्च के दौरान नियम का पालन नहीं हुआ होगा, ऐसा कह सकते है, लेकिन जो खर्च हुआ है, वह जायज है। इसके साथ ही अस्पताल के सामने बनाए गए कॉम्प्लेक्स के नीलामी प्रक्रिया को लेकर भी खूब हो हल्ला मचा। बैठक में तय किया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खड़गवां का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणा के बाद जीवन दीप समिति में बदलाव होना है और अब आगे से संचालन और जवाबदारियों तय होगी। विदित हो कि 22 विषयों के कुछ विषयों को छोड़कर बाकी पर प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। पास एजेंडों में सबसे प्रमुख यह रहा कि 06 नए पद पर 3000 रुपए में नियुक्ति करना है जो दो तीन साल से निःशुल्क अस्पताल में सेवा दे रहे है। इसी प्रकार जिला अस्पताल चिरमिरी में भी श्याम बिहारी जयसवाल जी की उपस्थिति में जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय एम सी बी के सामान्य सभा एवं कार्यकारी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अविनाश खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ पुष्पेंद्र सोनी, एसडीएम चिरमिरी,रेसीडेंस मेडिकल अधिकारी डॉ जे के यादव,अनुभागी अधिकारी लोक निर्माण विभाग,अनुभागीय अधिकारी सीजीएमएससी तथा जीवनदीप के समस्त सामान्य सदस्य उपस्थित थे। उपरोक्त मीटिंग में अस्पताल संबंधी विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की गई जिसमें सर्वप्रथम वित्तीय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया।

### जिला अस्पताल चिरमिरी के जेडीएस की बैठक के प्रमुख एजेंडों में

1. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तरीय जीवनदीप समिति को भंग करते हुए नवीन जिला चिकित्सालय स्तरीय जीवनदीप समिति का गठन हेतु सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।
2. जिला चिकित्सालय में कैंटीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रण के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।
3. सेमी प्राइवेट कक्षा का शुल्क निर्धारण किया गया तथा दो वीआईपी कक्ष में ऐसी लगाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया यह मुश्किल शुल्क निर्धारण किया गया।
4. जिला चिकित्सालय संचालन के लिए अतिरिक्त मानव संसाधन कि कामी को दूर करने के उपाय की दिशा में कठोर कदम उठाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।
5. अस्पताल में पार्किंग व्यवस्था हेतु टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से पार्किंग व्यवस्था कराए जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

## मनेन्द्रगढ़, नगर पालिका परिषद वार्ड क्रमांक 10 तिलक वार्ड में स्वच्छता अभियान आयोजित

-संवाददाता-
मनेन्द्रगढ़,09 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



मनेन्द्रगढ़ नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 10 तिलक वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीते मंगलवार को वार्ड के शिव मंदिर के समीप एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया।

स्वच्छता अभियान की शुरुआत पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल और संगठन की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं ने की। इस अभियान में वार्ड के नागरिकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और मिलकर अपनी स्थानीय गलियों,सड़कों और सार्वजनिक स्थानों की सफाई की। यह अभियान भाजपा के सामाजिक कार्यों और जन जागरूकता के एक हिस्से के रूप में आयोजित किया गया, ताकि नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया जा सके। इस मौके पर पार्षद श्रीमती नीलू जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा,स्वच्छता अभियान केवल सफाई तक सीमित नहीं है,बल्कि यह हमारे समाज में जागरूकता लाने का एक माध्यम है। हम सभी का कर्तव्य है कि हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें और इसे एक आदत बना लें। साथ ही, भाजपा संगठन की वरिष्ठ महिला कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बातें साझा करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल स्वच्छता को बढ़ावा देता है, बल्कि लोगों में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करता है। कार्यक्रम में स्थानीय निवासियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और इस पहल को लेकर अपनी सराहना व्यक्त की। इस प्रकार का आयोजन यह संदेश देता है कि स्थानीय स्तर पर स्वच्छता और सामूहिक प्रयासों से ही हम अपने वातावरण को स्वस्थ और साफ सुथरा बना सकते हैं। इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से यह भी स्पष्ट हुआ कि स्थानीय नेतृत्व और समाज की सक्रिय भागीदारी से ही ऐसे सकारात्मक बदलाव संभव हैं। इस मौके पर दीपा गुप्ता, शकुंतला जायसवाल,सरिता गुप्ता,अंजना श्रीवास्तव,शोभा शाह,काजल केसरवानी, कृष्णा केसरवानी,दीपा चाची,अनीता केसरवानी,रेनू केसरवानी,विभा श्रीवास्तव, कलावती केवट,निर्मला श्रीवास्तव,सरोज सोनी,विमला केसरवानी,लालती गुप्ता,सीमा गुप्ता,बृजेश जायसवाल समेत वार्ड वासी काफी संख्या में मौजूद रहे।

## कोरिया राजपरिवार के वारिसदार राजदीप सिंहदेव की माँ रानी तृप्ति देवी का हुआ निधन

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,09 अप्रैल 2025
(घटती-घटना)।



कोरिया राजपरिवार की सदस्य एवम महराज अम्बरीश सिंहदेव उर्फ लाल ईश्वरशरण सिंहदेव की पत्नी रानी तृप्ति देवी का दिनांक 8 अप्रैल 2025 को निधन हो गया। कोरिया राजपरिवार के वारिसदार राजदीप सिंहदेव बताया कि वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं,रानी तृप्ति देवी ने अपने जीवन में अलग अलग क्षेत्रों में सामाजिक कार्य किए हैं उसके साथ ही वह गुजरात बार एसोसिएशन की सदस्य भी थीं, रानी तृप्ति देवी कोरिया महराजा राजा स्वर्गीय रामानुज प्रताप सिंहदेव के सबसे छोटे भाई महराज लाल हरि शरण सिंहदेव की पुत्रवधू थीं, रानी तृप्ति देवी पत्नी महराज अम्बरीश सिंहदेव के दो संतान हैं पुत्र महराज राजदीप सिंहदेव और पुत्री राजकुमारी अनुराधा सिंहदेव राणावत। कोरिया राजपरिवार की सदस्य के निधन उपरांत सभी अंतिम संस्कार कार्यक्रम गुजरात में सम्पन्न होंगे।

## संक्षिप्त खेल खबर

### बीसीसीआई ने एक बार फिर बिना कोई जुर्म बताए ठोका जुर्माना



**मुल्लानपुर,09 अप्रैल 2025।** ऑस्ट्रेलिया और पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर मंगलवार रात यहां 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। हालांकि, बीसीसीआई ने एक बार फिर यह नहीं बताया है कि इस खिलाड़ी ने मैच के दौरान क्या जुर्म किया था जिसकी उसे सजा मिली है। आईपीएल ने मीडिया को जारी किए एक बयान में कहा, पंजाब किंग्स के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पर न्यू पीसीए स्टेडियम, न्यू चंडीगढ़ में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। मीडिया स्टेटमेंट में कहा गया, ग्लेन मैक्सवेल ने अनुच्छेद 2.2 (मैच के दौरान फिक्स्चर और फिटिंग का दुरुपयोग) के तहत लेवल 1 के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया। आचार संहिता के लेवल 1 उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का फैसला आखिरी और बाध्यकारी है।

### न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर ब्रेसवेल शीर्ष 5 में पहुंचे

#### गिल वनडे बल्लेबाजी में शीर्ष पर कायम

**दुबई,09 अप्रैल 2025।** न्यूजीलैंड के कार्यवाहक कप्तान माइकल ब्रेसवेल पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में जीत के बाद आईसीसी पुरुष ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। 34 वर्षीय, जिन्होंने न्यूजीलैंड के पाकिस्तान पर 3-0 की सीरीज स्वीप में अंतिम वनडे में शानदार अर्धशतक सहित बल्ले से 85 रन का योगदान दिया, 246 रेटिंग अंकों के साथ ऑलराउंडर सूची में पांचवें स्थान पर पहुंच गए, जिससे वे हमवतन मिशेल सेंटनर के साथ श्रेणी में सर्वोच्च रैंकिंग वाले कीवी बन गए।



### चेन्नई को मिला पहला ग्रेड-1 कार्टिंग सर्किट

**चेन्नई,09 अप्रैल 2025।** श्रीपेरंबदूर में मद्रास इंटरनेशनल कार्टिंग एरिना को अत्यधिक प्रतिष्ठित सीआईके-एफआईए ग्रेड-1 प्रमाणन प्राप्त हुआ, जिससे यह सुविधा दुनिया के कुलीन कार्टिंग सर्किटों में शामिल हो गई।1.17 किलोमीटर लंबा यह सर्किट भारत का सबसे लंबा कार्टिंग ट्रैक है, जिसमें प्रतिस्पर्धी रेसिंग के साथ-साथ कॉर्पोरेट और अवकाश गतिविधियों के लिए उपयुक्त मल्टीपल ट्रैक कॉन्फ़िगिरेशन है, जो इसे ग्राहकों के व्यापक स्पेक्ट्रम के लिए आकर्षक बनाता है।



# एमएस धोनी का विकेटकीपिंग में नया रिकॉर्ड

### ऐसा करने वाले पहले विकेटकीपर बने

**नई दिल्ली,09 अप्रैल 2025।** आईपीएल 2025 में एमएस धोनी का प्रदर्शन उस तरह का नहीं रहा है जिसकी फैंस उम्मीद कर रहे हैं। जब कुछ मैचों में टीम को उनके बल्ले से रन की जरूरत थी तब एमएस धोनी काफी नीचे बल्लेबाजी करने आए और अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। 8 अप्रैल को पंजाब के खिलाफ खेले गए मैच में धोनी बल्ले से तो बड़ी पारी नहीं खेल पाए लेकिन विकेटकीपिंग में वो एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर गए। एमएस धोनी इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास में विकेट के पीछे 150 कैच पकड़ने वाले पहले विकेटकीपर बन गए हैं।

### सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले विकेटकीपर बने एमएस धोनी

एमएस धोनी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में रविचंद्रन अश्विन की गेंद पर जैसे ही नेहल वढेरा का कैच पकड़ा, वैसे ही उन्होंने विकेटकीपर के तौर पर 150 कैच पूरे कर लिए। वे आईपीएल में इस उपलब्धि को हासिल करने वाले पहले विकेटकीपर बने हैं। लिस्ट में दूसरा नाम दिनेश कार्तिक का है, जिन्होंने आईपीएल में 137 कैच पकड़े थे। इसके अलावा तीसरे नंबर पर रिद्धिमान साहा हैं, जिन्होंने अपने आईपीएल करियर में 87 कैच पकड़े थे। चौथा नंबर पर ऋषभ पंत का नाम है, जो अब एक तक 76 कैच पकड़ चुके हैं। पांचवें नंबर पर क्विंटन डी कॉक हैं जिन्होंने अब तक 66 कैच पकड़े हैं।



### आईपीएल में सबसे ज्यादा कैच पकड़ने वाले विकेटकीपर

150 कैच - एमएस धोनी
137 कैच - दिनेश कार्तिक
87 कैच - रिद्धिमान साहा
76 कैच - ऋषभ पंत
66 कैच - क्विंटन डी कॉक

### पंजाब के खिलाफ नंबर 5 पर बैटिंग करने उतरे थे धोनी

पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में एमएस धोनी नंबर 5 पर उतरे और 12 गेंदों में 27 रनों की पारी खेली। आपको बता दें कि इससे पहले खेले गए मैचों में एमएस धोनी काफी नीचे बैटिंग करने आ रहे थे। इस पारी के दौरान उन्होंने एक चौका और 3 छक्के भी लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 225 का था। हालांकि, ये पारी टीम को जीत दिलाने में काम नहीं आ सकी। एमएस धोनी अभी तक नंबर 7, 8 या 9 पर बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन इस बार वे 5वें नंबर पर उतरे। फैंस अब उम्मीद कर रहे होंगे कि, धोनी आने वाले मैचों में इसी तरह से बैटिंग ऑर्डर में खुद को प्रोमोट करें और टीम के लिए मैच फिनिश करके आएं।

# आईपीएल से टकराएगी पाकिस्तान सुपर लीग की टाइमिंग

**करांची,09 अप्रैल 2025।** भारत में इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का आयोजन हो रहा है। भारतीय फैंस के साथ-साथ दुनियाभर के क्रिकेट फैंस पर आईपीएल का बुखार चढ़ा हुआ है। इस बीच पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी पीएसएल यानी पाकिस्तान सुपर लीग का आगाज होने जा रहा है। पीएसएल का इस बार 10 वां सीजन खेला जाएगा, जिसका शुक्रवार,11 अप्रैल से आगाज होगा। इस लीग के पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियन इस्लामाबाद यूनाइटेड का मुकाबला दो बार के चैंपियन लाहौर कलंदर्स से रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

6 टीमों के इस टूर्नामेंट में 11 अप्रैल से 18 मई तक 34 मैच खेले जाएंगे, जिसमें लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में 13 मैच खेले जाएंगे, जिसमें दो एलिमिनेटर और फाइनल शामिल हैं। रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम 11 मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें 13 मई को खेले जाने वाला क्वालीफायर 1 भी शामिल है। कराची का नेशनल बैंक स्टेडियम और मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम पांच-पांच मैचों की मेजबानी करेंगे। इस बार तीन डबल-हेडर भी होंगे, जिसमें दो मैच शनिवार और एक नेशनल हॉलीडे (लेबर डे) पर होगा। पीएसएल के मैचों की टाइमिंग आईपीएल से टकराएगी क्योंकि लीग के ज्यादातर मैच भारतीय समयानुसार रात 8:30 बजे से खेले जाएंगे।



### पाकिस्तान सुपर लीग 2025 में शिरकत करने वाली फेंचाइजी

लाहौर कलंदर्स
पेशावर जाल्मी
क्वेटा ग्लैडिएटर्स
मुल्तान सुल्तान्स
इस्लामाबाद यूनाइटेड
कराची किंग्स

### पाकिस्तान सुपर लीग 2025 के वेन्यू

पाकिस्तान सुपर लीग के 10 वें सीजन के सभी मैच रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम, गद्दाफी स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम (कराची) और मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट फैंस सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर पीएसएल 2025 के सभी मैच लाइव देख पाएंगे। वहीं, भारत में पाकिस्तान सुपर लीग मैचों की लाइव स्ट्रीम स्र्ड्डठ्ठष्स्र्द्द पर उपलब्ध होगी।

### पीएसएल 2025 के सभी मैचों का शेड्यूल इस प्रकार हैः-

11 अप्रैलः इस्लामाबाद यूनाइटेड बनाम लाहौर कलंदर्स (रावलपिंडी) 9:00 पीएम
12 अप्रैलः पेशावर जाल्मी बनाम क्वेटा ग्लैडिएटर्स (रावलपिंडी) 2:30 पीएम
12 अप्रैलः कराची किंग्स बनाम मुल्तान सुल्तान्स (कराची) 7:30 पीएम
13 अप्रैलः क्वेटा ग्लैडिएटर्स बनाम लाहौर कलंदर्स (रावलपिंडी) 8:30 पीएम
14 अप्रैलः इस्लामाबाद यूनाइटेड बनाम पेशावर जाल्मी (रावलपिंडी) 8:30 पीएम
15 अप्रैलः कराची किंग्स बनाम लाहौर कलंदर्स (कराची) 8:30 पीएम
16 अप्रैलः इस्लामाबाद यूनाइटेड बनाम मुल्तान सुल्तान्स (रावलपिंडी) 8:30 पीएम
18 अप्रैलः कराची किंग्स बनाम क्वेटा ग्लैडिएटर्स (कराची) 8:30 पीएम
19 अप्रैलः पेशावर जाल्मी बनाम मुल्तान सुल्तान्स (रावलपिंडी) 8:30पीएम
20 अप्रैलः कराची किंग्स बनाम इस्लामाबाद यूनाइटेड (कराची) 8:30 पीएम
21 अप्रैलः कराची किंग्स बनाम पेशावर जाल्मी (कराची) 8:30 पीएम
22 अप्रैलः मुल्तान सुल्तान बनाम लाहौर कलंदर्स (मुल्तान) 8:30 पीएम
23 अप्रैलः मुल्तान सुल्तान बनाम इस्लामाबाद यूनाइटेड (मुल्तान) 8:30 पीएम
24 अप्रैलः लाहौर कलंदर्स बनाम पेशावर जाल्मी (लाहौर) 8:30 पीएम
25 अप्रैलः क्वेटा ग्लैडिएटर्स बनाम कराची किंग्स (लाहौर) 8:30 पीएम
26 अप्रैलः लाहौर कलंदर्स बनाम मुल्तान सुल्तान्स (लाहौर) 8:30 पीएम
27 अप्रैलः क्वेटा ग्लैडिएटर्स बनाम पेशावर जाल्मी (लाहौर) 8:30 पीएम
29 अप्रैलः क्वेटा ग्लैडिएटर्स बनाम मुल्तान सुल्तान्स (लाहौर) 8:30 पीएम
30 अप्रैलः लाहौर कलंदर्स बनाम इस्लामाबाद यूनाइटेड (लाहौर) 8:30 पीएम
1 मईः मुल्तान सुल्तान्स बनाम कराची किंग्स (मुल्तान) 2:30 पीएम
1 मईः लाहौर कलंदर्स बनाम क्वेटा ग्लैडिएटर्स (लाहौर) 7:30 पीएम
2 मईः पेशावर जाल्मी बनाम इस्लामाबाद यूनाइटेड (लाहौर) 8:30 पीएम
3 मईः क्वेटा ग्लैडिएटर्स बनाम इस्लामाबाद यूनाइटेड (लाहौर) 8:30 पीएम
4 मईः लाहौर कलंदर्स बनाम कराची किंग्स (लाहौर) 8:30 पीएम
5 मईः मुल्तान सुल्तान्स बनाम पेशावर जाल्मी (मुल्तान) 8:30 पीएम
7 मईः इस्लामाबाद यूनाइटेड बनाम क्वेटा ग्लैडिएटर्स (रावलपिंडी) 8:30 पीएम
8 मईः पेशावर जाल्मी बनाम कराची किंग्स (रावलपिंडी) 8:30 पीएम
9 मईः पेशावर जाल्मी बनाम लाहौर कलंदर्स (रावलपिंडी) 8:30 पीएम
10 मईः मुल्तान सुल्तान बनाम क्वेटा ग्लैडिएटर्स (मुल्तान) 2:30 पीएम
10 मईः इस्लामाबाद यूनाइटेड बनाम कराची किंग्स (रावलपिंडी) 7:30 पीएम

### पीएसएल 2025 के नॉक आउट मुकाबलों का शेड्यूल

13 मईः क्वालीफायर (रावलपिंडी) 8:30 पीएम
14 मईः एलिमिनेटर 1 (लाहौर) 8:30 पीएम
16 मईः एलिमिनेटर 2 (लाहौर) 8:30 पीएम
18 मईः फाइनल (लाहौर) 8:30 पीएम

### बहुप्रतीक्षित प्रो पंजा लीग सीज़न 5 अगस्त से शुरू होगा

**मुंबई,09 अप्रैल 2025।** प्रो पंजा लीग का बहुप्रतीक्षित दूसरा सीजन इस साल 5 अगस्त को रोमांचक वापसी के लिए तैयार है। सफल उद्घाटन सत्र के बाद, पंजा बुखार सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर आपके टेलीविजन सेट पर फिर से छा जाएगा, क्योंकि भारत भर के शीर्ष आर्म रेसलर रोमांचक, एक्शन से भरपूर प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं। यह टूर्नामेंट आईपीएल-शैली के प्रारूप का अनुसरण करता है, जिसमें 17 दिनों तक प्रतिष्ठित खिताब के लिए फ्रेंचाइजी प्रतिस्पर्धा करती हैं। पहले सीजन में कोच्चि केडी ने कड़े मुकाबले में फाइनल जीतकर चैंपियन का ताज पहना था। दूसरा सीजन इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के भारत दौरे के ठीक बाद आ रहा है, जो 4 सितम्बर को समाप्त होगा।

ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, प्रो पंजा लीग ने अपने पहले सीजन में 32 मिलियन (अद्वितीय दर्शक) की प्रभावशाली दर्शक संख्या हासिल की, जो भारत में हाल ही में लॉन्च की गई कई लीगों के उद्घाटन सीजन को पार कर गई, और लीग एक उल्लेखनीय वापसी के साथ अपनी लोकप्रियता बढ़ाने के लिए तैयार है।

# अपने होमग्राउंड पर दिल्ली का सामना करेगी आरसीबी

» किसका पलड़ा है भारी
» कैसा है दोंनों का हेड टू हेड रिकॉर्ड...



**बेंगलुरु,09 अप्रैल 2025।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल 2025 के 24वें मैच में 10 अप्रैल को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। पिछले मैच में आरसीबी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी ओवर में रोमांचक जीत दर्ज की थी। यह 2015 के बाद से इस मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ आरसीबी की पहली जीत थी। दूसरी तरफ दिल्ली लगातार तीन मैचों में तीन जीत के साथ जबरदस्त फॉर्म में है। दिल्ली एकमात्र ऐसी टीम है जो इस सीजन एक भी मैच नहीं हारी है। अक्षर पटेल की अगुआई वाली टीम आरसीबी के खिलाफ भी इसी प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी

### आरसीबी व्हीएस डीसीः दोनों टीमों का हेड टू हेड रिकॉर्ड

दोनों टीमों के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो वहां आरसीबी का पलड़ा भारी नजर आ रहा है। बेंगलुरु और दिल्ली के बीच अब तक 31 आईपीएल मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें आरसीबी 19 जीत के साथ आगे है।जबकि दिल्ली 11 मुकाबले जीतने में कामयाब रही है। 2015 में दोनों टीमों के बीच एक मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में बेंगलुरु और दिल्ली के बीच 12 मैच खेले जा चुके हैं, जिसमें आरसीबी ने 7 मैच जीते हैं। डीसी की टीम बेंगलुरु में आरसीबी के खिलाफ सिर्फ 4 मैच ही जीत पाई है। इस रिकॉर्ड को देखकर यह साफ हो गया है कि इन दोनों टीमों के बीच जब अगला मुकाबला खेला जाएगा वहां आरसीबी फेवरेट्स होगी।

### आरसीबी व्हीएस डीसीः पिछले 5 मैचों के रिजल्ट

आरसीबी और डीसी के बीच खेले गए पिछले पांच मैचों की बात करें तो वहां भी आरसीबी आगे है। दोनों टीमों के बीच पिछले 5 मैचों में से 4  त्रष्टक्च ने जीते हैं वहीं दिल्ली को सिर्फ एक मैच में जीत नसीब हुई है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 47 रन से जीता
दिल्ली कैपिटल्स 7 विकेट से जीता
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 23 रन से जीता
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 16 रन से जीता
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 7 विकेट से जीता

### श्रीवल्ली भामिदिपति ने बिली जीन किंग कप में भारत के लिए अपनी पहली जीत पर कहा

**पुणे,09 अप्रैल 2025।** श्रीवल्ली भामिदिपति, जो वर्तमान में डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में 345वें स्थान पर हैं, ने सुनिश्चित किया कि भारत बिली जीन किंग कप एशिया-ओशिनिया ग्रूप 1 में अपने शुरुआती मैच में शानदार शुरुआत करे। 23 वर्षीय हैदराबाद की खिलाड़ी ने पुणे के म्हालुंगे बालेवाड़ी टेनिस कॉम्प्लेक्स में एआईटीए और पीएमडीटीए के सहयोग से एमएसएलटीए द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के पहले दिन न्यूजीलैंड की आइशी दास को 6-1, 6-1 से हराया। भारत के लिए अपने पहले मैच में अपने प्रदर्शन पर विचार करते हुए, भावुक श्रीवल्ली ने कहा, जैसा कि बिली जीन किंग कप द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति से उद्धृत किया गया है, देश के लिए अपना पहला मैच खेलना वास्तव में भावनात्मक था। मैं कोर्ट पर थोड़ी भावुक थी, लेकिन फिर मुझे लगता है कि मैंने खुद को अच्छी तरह से संभाला। टीम और कप्तान ने उत्साहपूर्वक मेरी बहुत मदद की, और दर्शकों ने भी हर अंक के लिए हमारा समर्थन किया। मुझे लगता है कि इसी बात ने मुझे आज मैच जीतने में मदद की। उन्होंने कहा, मैं हर उस पॉइंट पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी, जिस पर मैं खेल रही थी और हर पॉइंट पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश कर रही थी, साथ ही देश के बारे में भी सोच रही थी।




# मुझे हमेशा से एक्शन पसंद

### जाट को लेकर उत्साहित : रणदीप हुड्डा

अभिनेता रणदीप हुड्डा क्रिस हेम्सवर्थ अभिनीत फिल्म एक्सट्रैक्शन की रिलीज के पांच साल बाद एक्शन जोन में वापस कदम रखने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने माना कि उन्हें हमेशा एक्शन जॉनर पसंद रहा है क्योंकि इसमें कुछ नया और रोमांच होता है। जल्द ही वो जाट में अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।÷एक्सट्रैक्शन सैम हार्ग्रेव द्वारा निर्देशित और रुसो ब्रदर्स द्वारा निर्मित है, जो 2020 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। अब जाट के साथ, वह एक एक्शन स्टार की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इसमें उन्होंने रणतुंगा की भूमिका निभाई है। एक्शन में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, रणदीप हुड्डा ने कहा, मुझे हमेशा से एक्शन शैली पसंद रही है। इसमें कुछ नयापन, भावनाओं को झकझोरने का माद्दा और रोमांच होता है। बायोपिक्स में गंभीर किरदार निभाने के बाद जाट में खतरनाक रणतुंगा का रोल मेरे अलग ही किरदार को प्रदर्शित करता है। अभिनेता ने कहा कि वह एक्शन को मिस कर रहे थे और 'जाट' उन्हें उस स्थान पर वापस ले आया। रणदीप ने कहा॰ कोरियोग्राफी से लेकर एक्शन तक काफी डिमांडिग था लेकिन यह एक चुनौतीपूर्ण लेकिन संतोषजनक अनुभव रहा है। एक ऐसा किरदार निभाना जो जितना करिश्माई है उतना ही निर्दयी भी है, कुछ ऐसा है जिसे लेकर मैं वाकई उत्सुक हूं। एक्सट्रैक्शन मेरे लिए अपनी तरह की पहली फिल्म थी ये एक रोमांचकारी अनुभव था। जाट की बात करें तो इसका निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है। इसमें विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसांद्रा भी हैं। प्रत्येक अभिनेता अपनी भूमिका में अनूठापन और गहराई लाता है। फिल्म का संगीत थमन एस ने दिया है। संपादन नवीन नूली ने किया है। दावा है कि फिल्म दर्शकों को मनोरंजन की दुनिया की अद्भूत सैर पर ले जाएगी। मैथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित यह फिल्म 10 अप्रैल को हिंदी, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी।



# अमेरिका में छाया हुआ है ये 50 साल का बॉलीवुड हीरो



### ग्रीक गॉड की स्मारटनेस पर फिदा हो रहे गोरे,

फिल्मी सितारों और उनकी बढ़ती उम्र की चर्चा बॉलीवुड समेत हॉलीवुड में होती रही है। धर्मेंद्र से लेकर अमिताभ बच्चन तक की उम्र बढ़नेलेकिन लुक रत्ती भर भी नहीं बदलने पर तारीफें भी फैन्स ने खूब की हैं। अब बॉलीवुड का एक 50 साल का हीरो अपनी स्मार्टनेस को लेकर सुर्खियां बटोर रहा है। इस हीरो को बॉलीवुड का ग्रीक गॉड भी कहा जाता है। हीरो की गहरी हरी आंखें, धाकड़ बॉडी और खूबसूरत चेहरे की दीवानगी सरहद पार अमेरिका में चर्चा का विषय बनी है। अमेरिका में अपनी खूबसूरती के लिए ट्रेंड कर रहे इस हीरो का नाम है ऋ तिक रोशन। बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन ने हाल ही में अपना 50वां जन्मदिन मनाया था लेकिन आज भी उनकी स्मार्टनेस की दीवानगी रत्ती भर नहीं घटी है। वही चेहरा, वही स्मार्टनेस और धांसू बॉडी के मालिक ऋ तिक रोशन अब अमेरिका के सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। यहां लोगों ने ऋतिक के लुक को वायरल कर दिया है। साथ ही ऋतिक की दूसरे लोगों की फोटो के साथ तुलना की जा रही है। जिसमें ऋतिक की 50 साल में भी फिटनेस और स्मार्टनेस की तारीफें हो रही हैं।

### अमेरिका में कैसे ट्रेंड होने लगे ऋतिक रोशन?

दरअसल हाल ही में द लिज वैरियंट नाम के एक एक्स अकाउंट ने एक पोस्ट शेयर किया था। जिसमें एक अमेरिका के व्यक्ति की तस्वीर के साथ ऋतिक रोशन की फोटो लगाई गई थी। इस फोटो में कैप्शन लिखा कि 1985 में 50 साल का व्यक्ति ऐसा दिखता था। इस तस्वीर में एक अमेरिका इंसान की तस्वीर है जो उम्र दराज और सफेद दाढ़ी के साथ टोपी और चश्मे में पोज दे रहा है। वहीं दूसरी तस्वीर में ऋतिक रोशन फिट एंड फाइन खड़े मुस्कुरा रहे हैं। इस तस्वीर में ऋतिक रोशन को देखकर लोग भी चौंक जाते हैं। ऋतिक भी 50 साल की उम्र पार कर चुके हैं। लेकिन आज भी ऋतिक की फिटनेस देखते ही बनती है। अब इन दोनों की तस्वीर वाला ये पोस्ट लगातार वायरल हो रहा है। इस पोस्ट पर अमेरिकन लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी है। साथ ही ऋतिक की स्मार्टनेस और फिटनेस की भी तारीफ की है।

# पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना राज्य सरकार की प्राथमिकता:विष्णुदेव साय



**रायपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज बुधवार को गृह विभाग की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन और अपराध अनुसंधान की गुणवत्ता को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।बैठक के बाद सीएम साय ने कहा कि, नए कानून अपराधियों में भय और जनता में विश्वास उत्पन्न करने में सहायक है। कानूनों के प्रभावी समझ सभी जिलों में चरणबद्ध कार्यशाला किये जाएं। पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए अनुसंधान प्रक्रिया में पारदर्शिता,तत्परता और तकनीकी दक्षता अनिवार्य है।

## गांव-गांव पहुंचेंगे साय के मंत्री और बीजेपी सांसद,सुनेंगे जनता की समस्या




भाजपा की संगठन बैठक के संबंध में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि सुशासन तिहार प्रदेश में प्रारंभ हुआ है। 15 महीनों की सरकार है। पीएम मोदी के वादों को छत्तीसगढ़ की जनता के लिए पूरा करने प्रयास किए हैं। चाहे प्रधानमंत्री आवास की बात हो,धान खरीदने की बात हो या फिर महतारी वंदन योजना हो सुशासन देंगे,भ्रष्टाचार के मामले जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए हैं। वहीं गुजरात में कांग्रेस के अधिवेशन के संबंध में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कांग्रेस अधिवेशन करते रहती है। उनकी करनी और कथनी में बहुत फर्क होता है। पार्टी आज देश की जनता का विश्वास खो चुकी है। चाहे कुछ भी करले जनता का विश्वास खो चुके हैं। सिर्फ ब्राह्मण ही नहीं,पूरे देश की जनता उनसे दूर हो रही है। वहीं वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर विष्णु देव साय ने कहा कि इसके लागू होने से समय और खर्च की बचत होगी। चुनाव चलते रहते हैं, आचार संहिता लगी रहती है। कई काम प्रभावित होते हैं, इसलिए प्रधानमंत्री का प्रयास है। इसके लिए पूरे देश में वन नेशन वन इलेक्शन लागू हो। उन्होंने कहा कि इस दिशा में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अध्यक्षता में कमेटी बनी है। हमने भी अभी छोटा सा प्रयास नगरी निकाय और पंचायत चुनाव के साथ कराकर उस दिशा में कदम रख चुके हैं।



## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गृह विभाग की ली समीक्षा बैठक

### पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाना राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य

**रायपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को नवा रायपुर के मंत्रालय महानदी भवन में गृह विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नए आपराधिक कानून, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), को प्रभावी ढंग से लागू करने को प्राथमिकता बताया। साय ने कहा कि यह कानून न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, अपराधियों में भय और जनता में विश्वास बढ़ाएगा।

#### पुलिस को व्यावहारिक प्रशिक्षण का निर्देश

मुख्यमंत्री ने पुलिस, अभियोजन अधिकारियों और कर्मचारियों को नए कानूनों के लिए प्रशिक्षित करने पर बल दिया। उन्होंने जिलों में चरणबद्ध कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित करने, केस स्टडी व मॉक ट्रायल के जरिए प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

#### जांच प्रणाली में सुधार पर जोर

साय ने अपराध जांच को वैज्ञानिक और विश्वसनीय बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि सिर्फ गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं, बल्कि ठोस सबूतों के साथ जांच होनी चाहिए ताकि दोषियों को सजा मिले। जांच अधिकारियों को डिजिटल फॉरेंसिक,सीसीटीएनएस और आधुनिक तकनीकों में निपुण बनाने का निर्देश दिया।

#### साइबर अपराध पर सख्ती

मुख्यमंत्री ने पीड़ितों को समय पर न्याय दिलाने को सरकार का मुख्य लक्ष्य बताया। इसके लिए जांच में पारदर्शिता और तेजी लाने को कहा। साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए साइबर सेल को मजबूत करने और जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**महत्वपूर्ण खबर**

## रेप केस जांच के लिए 7 सदस्यीय एसआईटी गठित




**दुर्ग,09 अप्रैल 2025 (ए)।** जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में 6 अप्रैल को एक 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 सदस्यीय विशेष जांच टीम का गठन किया है। इस टीम का उद्देश्य है कि मामले की गहन जांच कर इसे फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर आरोपी को कड़ी सजा दिलाई जा सके।

## 103 केसों से बीजेपी नेता और कार्यकर्ताओं को राहत,पुलिस रिकॉर्ड से नाम हटाए गए...



**रायपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** सरकार ने भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अलग-अलग जिलों में दर्ज 103 गैर-गंभीर राजनीतिक प्रकरणों की वापसी का निर्णय लिया है। गृह विभाग द्वारा जिलों से प्राप्त रिपोर्ट और विस्तृत समीक्षा के बाद कैबिनेट सब कमेटी की अनुशंसा पर यह फैसला लिया गया। न्यायालय से विधिवत स्वीकृति मिलने के बाद 41 प्रकरणों में अभियुक्तों को राहत प्रदान की गई, और संबंधित पुलिस रिकॉर्ड से उनके नाम हटा दिए गए।

## 300 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों को वर्षों बाद मिला उनका हक

### लंबित ग्रेच्युटी राशि का हुआ भुगतान

**रायपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की पहल पर भिलाई नगर निगम में वर्ष 2018 से लंबित सेवानिवृत्त व दिवंगत अधिकारियों-कर्मचारियों की ग्रेच्युटी का भुगतान किया गया है। वर्षों से लंबित जीपीएफ/सीपीएफ,अवकाश नगदीकरण,चिकित्सा प्रतिपूर्ति और एरियर्स का भी भुगतान अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया है। लंबे समय से इन राशियों का इंतजार कर रहे भिलाई नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्मिकों तथा मृत अधिकारियों-कर्मचारियों के परिजनों ने इस पर खुशी जताते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है। उन्होंने भिलाई नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ तथा छत्तीसगढ़ कर्मचारी कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ साव के रायपुर स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात कर



आभार जताया और धन्यवाद दिया।भिलाई नगर निगम के सेवानिवृत्त व दिवंगत अधिकारियों-कर्मचारियों की ग्रेच्युटी के वर्ष 2018 से भुगतान नहीं होने की बात संज्ञान में आते ही उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विभागीय अधिकारियों को इसके लिए निर्देशित किया था। उन्होंने पिछले दो वर्षों से लंबित अधिकारियों-कर्मचारियों के जीपीएफ/सीपीएफ,अवकाश नगदीकरण,चिकित्सा प्रतिपूर्ति और एरियर्स के भी भुगतान की व्यवस्था के निर्देश दिए थे। उप मुख्यमंत्री साव के अनुमोदन के बाद राज्य शासन ने ग्रेच्युटी के भुगतान के लिए संचित निधि से 10 करोड़ 85 लाख 36 हजार रुपए तथा जीपीएफ/सीपीएफ एवं अवकाश नगदीकरण के भुगतान के लिए लीज फ्री-होल्ड की राशि से चार करोड़ 36 लाख 38 हजार रुपए के भुगतान की अनुमति भिलाई नगर निगम को दी है। विगत 3 अप्रैल को राज्य शासन द्वारा अनुमति प्रदान किए जाने के दो दिनों के भीतर ही 300 से अधिक अधिकारियों-कर्मचारियों तथा उनके परिजनों के खातों में 15 करोड़ रुपए अंतरित कर दी गई है।



## तो क्या रेप और हत्या केस का आरोपी चाचा नहीं ?

### दुर्ग केस में आया नया मोड़

**दुर्ग,09 अप्रैल 2025 (ए)।** जिले के उरला इलाके में 6 साल की बच्ची से रेप और हत्या मामले ने अब नया मोड़ ले लिया है। पीड़िता की मां ने आरोपी सोमेश यादव को निर्दोष बताया है। इस बायान के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे है। दरअसल, पुलिस ने इस मामले में पीड़िता के चाचा को मुख्य आरोपी बनाया है, जो फ़िलहाल पुलिस हिरासत में है। पीड़िता के परिवार ने कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा दिए गए मुआवजे के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। कलेक्टर ने मंगलवार को परिवार को कलेक्ट्रेट बुलाकर ढाई लाख रुपये मुआवजा देने की पेशकश की थी, लेकिन परिवार ने साफ कहा कि उन्हें पैसे नहीं, न्याय चाहिए। असली आरोपी को ही सजा मिलनी चाहिए। मामले में दुर्ग पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने विशेष जांच दल का गठन किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आईयूसीएडब्ल्यू) पद्मश्री तंवर की अगुवाई में गठित टीम पूरे मामले में साक्ष्य जुटाने से लेकर फास्ट ट्रेक कोर्ट में चार्ज शीट पेश करने का काम करेगी। इस विशेष जांच दल में मोहन नगर थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रसाद चंद्रा, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक श्रद्धा पाठक, छावनी थाना प्रभारी उप निरीक्षक चेतन चंद्राकर, उप निरीक्षक पारस ठाकुर (मोहन नगर थाना), सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र देशमुख (थाना मोहन नगर), सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा, (रक्षा टीम) प्रधान आरक्षक लक्ष्मी नारायण पात्रे (मोहन नगर थाना) को शामिल किया गया है।

## न सिर्फ अपोलो और सिम्स,बल्कि पूरे प्रदेश के डॉक्टरों की डिग्रियों की होगी जांच:स्वास्थ्य मंत्री

**बिलासपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान हुई मौत के बाद स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि शुक्ल के इलाज में लापरवाही हुई थी और अब यह भी सामने आया है कि ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर की डिग्री फर्जी थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि न सिर्फ अपोलो और सिम्स,बल्कि पूरे प्रदेश के डॉक्टरों की डिग्रियों की जांच की जाएगी। यदि किसी की डिग्री फर्जी पाई जाती है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अपोलो में इलाज करने वाले सभी डॉक्टरों की पहचान कर उनकी शैक्षणिक योग्यता की भी पड़ताल की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल बिलासपुर के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि जिले में शीघ्र ही सरकारी फिजियोथैरेपी कॉलेज खोला जाएगा, जिसके लिए 55 पद स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को



बेहतर बनाने के लिए 27 करोड़ 10 लाख रुपये और सिम्स मेडिकल कॉलेज के लिए 1 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। सिम्स का नया भवन सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के पास बनाया जाएगा, जिसके लिए जमीन पहले ही आरक्षित की जा चुकी है। निर्माण कार्य पर करीब 700 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसके लिए बजट की स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।मरीजों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अस्पतालों में वाटर कूलर और एयर कंडीशनर लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सिम्स अस्पताल में 60 लाख रुपये की लागत से एसीएलएस एम्बुलेंस की मंजूरी मिली है। वर्तमान में अस्पताल में 3 बीसीएलएस एम्बुलेंस पहले से मौजूद हैं। रेडियोलॉजिस्ट की कमी को दूर करने के लिए टेलीरेडियोलॉजी सुविधा शुरू की जा रही है। एमआरडी, ओपीडी और पेइंग वार्ड के नवीनीकरण और मरम्मत कार्यों को भी सरकार ने मंजूरी दे दी है,जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।



## एसआई चित्रलेखा तथा एएसआई यादव लाइन अटैच

### वकीलों से मारपीट के मामले में हुई कार्रवाई

**रायपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** राजधानी रायपुर के अधिवक्ताओं ने एक दिन पूर्व ही कलेक्ट्रेट परिसर और एसएसपी के दफ्तर में प्रदर्शन किया था। दरअसल कलेक्टोरेट में सोमवार को एक महिला की पेशी के दौरान उसके साथ आए पुलिस अफसरों का दो वकीलों से विवाद हो गया था। इस दौरान तेलीबांधा थाने की महिला सब इंस्पेक्टर चित्रलेखा साहू और एएसआई संतोष यादव पर वकीलों से बदसलूकी और मारपीट का आरोप लगाया गया। दोनों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए वकीलों ने कलेक्टोरेट तथा एसएसपी दफ्तर के सामने जमकर प्रदर्शन किया। इस मामले में वकीलों की शिकायत की प्रारंभिक पुष्टि के बाद एसएसपी डा. लालउमेद सिंह ने एसआई चित्रलेखा तथा एएसआई यादव को लाइन अटैच कर दिया है। दोनों के खिलाफ विभागीय जांच भी बिठा दी गई है।

## भारतमाला भूमि घोटाले की जांच कराने का दायरा सरकार ने बढ़ाया

**रायपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** भारतमाला सड़क परियोजना के तहत छत्तीसगढ़ में भू-अर्जन को लेकर सामने आए बड़े घोटाले के बाद अब इस मामले की जांच का दायरा बढ़ा दिया गया है। रायपुर के अभनपुर क्षेत्र में सैकड़ों करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े के खुलासे के बाद राज्य सरकार ने पूरे प्रदेश में भूमि अधिग्रहण मामलों की जांच के निर्देश दिए हैं। अब रायपुर के अलावा धमतरी, कांकेर,कोण्डागांव,कोरबा,रायगढ़,जशपुर, राजनांद गांव,दुर्ग, बिलासपुर और जांजगीर-चांपा जिलों में भी मुआवजा वितरण और भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों की जांच होगी। इन जिलों में फर्जी नामांतरण, बंटवारा और मुआवजा वितरण में अनियमितताओं की शिकायतें सामने आई हैं। राज्य सरकार ने 1 जनवरी 2019 के बाद के सभी सरकारी और गैर-सरकारी भूमि अधिग्रहण प्रकरणों की जांच के आदेश दिए हैं। राजस्व और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने सभी संभागीय आयुक्तों को 15 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट तैयार कर विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने भी राजस्व विभाग से पहले की गई जांच रिपोर्ट तलब की है। उसी आधार पर ईओडब्ल्यू घोटाले में शामिल अधिकारियों और भूमाफियाओं पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है।



## भाजपा ने भूपेश व टीएस सिंहदेव का कार्टून किया जारी

**रायपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ बीजेपी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का एक कार्टून साझा कर सियासी हलचल मचा दी है। इस पोस्ट में कैप्शन दिया गया है। सच कड़वा होता है भूपेश जी, वहीं कार्टून में टीएस सिंहदेव यह कहते नजर आ रहे हैं कि प्रभु राम ने रावण के साथ जो किया, वैसा ही विष्णु सरकार नक्सलियों के साथ कर रही है। साथ ही इसमें भूपेश बघेल को जवाब देते हुए यह भी दर्शाया गया है कि भूपेश भाई! आपको मिर्ची तो लगेगी, मगर सरकार इसे कहते हैं।बीजेपी का यह पोस्ट साफ तौर पर कांग्रेस के भीतर विचारधाराओं के टकराव की ओर इशारा करता है,खासकर नक्सलवाद जैसे गंभीर मुद्दे पर।





## 10 लाख की चोरी,हीरे के जेवरात और नकदी चोरों ने किया साफ

**कोरबा,09 अप्रैल 2025 (ए)।** सिविल लाइन थाना इलाके के एमपी नगर क्षेत्र में बीती रात एक घर में चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने मकान में धावा बोलते हुए करीब 10 लाख रुपये कीमत के सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए सामान में 50 हजार रुपये नकद, सोने, चांदी और हीरे के जेवरात शामिल हैं। घटना एमपी नगर के एमआईजी 1/139 नंबर मकान की है, जहां आधी रात को चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सुबह घरवालों को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच शुरू की गई। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिनमें दो संदिग्ध युवक नजर आए हैं। फिलहाल पुलिस चोरी की इस घटना की तफ्तीश में जुटी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना ने एक बार फिर शहर में बढ़ती चोरी की वारदातों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## हाईकोर्ट ने सड़क सुरक्षा और मवेशी नियंत्रण पर राज्य सरकार से मांगी फाइनल रिपोर्ट

**बिलासपुर,09 अप्रैल 2025 (ए)।** हाईकोर्ट में राज्य की सड़कों पर मवेशियों और अतिक्रमण को लेकर चल रही जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि सड़कों से अतिक्रमण हटाने का काम जारी है और सड़क सुरक्षा को लेकर नई गाइडलाइन तैयार की जा रही है। यह गाइडलाइन जल्द लागू की जाएगी और सख्ती से पालन कराया जाएगा। लंबे समय से चल रही इस जनहित याचिका में कहा गया है कि शहरों की मुख्य सड़कों और हाईवे पर खुले में मवेशी घूमते रहते हैं, जिससे लगातार हादसे हो रहे हैं। पूर्व में इस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने निर्देश दिए थे कि राज्य सरकार एक ठोस कार्य योजना बनाए और उसका पालन सुनिश्चित करे।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)